CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -142 राजनांदगांव, सोमवार 08 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

टीएमसी नेताओं को 'आतंक' का खुला लाइसेंस बांट रही ममता बनर्जी, एनआईए की टीम पर हुआ हमला तो भड़के पीएम मोदी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में जुटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। बंगाल पहुंचने से पहले उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि बंगाल के लोग तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कुशासन से थक गए हैं। अब केवल भाजपा ही पश्चिम बंगाल के लोगों को राहत दे सकती है। वहीं, अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाया।

वहीं, अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले। इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती है तो टीएमसी उनपर हमले करती है, और लोगों से करवाती है।

अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले। इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती है तो टीएमसी उन पर हमले करती है, और लोगों से करवाती है।

टीएमसी कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी है। मोदी की यह टिप्पणी एक दिन पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम पर शनिवार को भीड़ की ओर से हमले के बाद आई है। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में 2022 के विस्फोट मामले में 2 मुख्य संदिग्धों को जांच एजेंसी की ओर से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया था।

कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में डाल रही बाधा

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में गरीबों के लिए केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में मनोब्रत जना और बलाई चरण मैती को गिरफ्तार करने गए ह्व्ह के दल पर कथित तौर पर भीड़ ने हमला कर दिया था। भूपतिनगर में दिसंबर 2022 में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। शहर की सत्र अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए उन्हें 10 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया।

टीएमसी से थक चुकी है सूबे की जनता

बंगाल पहुंचने से पहले ही प्रधानमंत्री ने आज एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी के भ्रष्टाचार और कुशासन से थक चुकी है। केवल भाजपा ही उनके सपनों को पूरा कर सकती है।

भरे मंच पर 'सीएम नीतीश ने छुए पीएम मोदी के पैर' तेजस्वी बोले- हमें बहुत बुरा लगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में प्रचार के लिए पहुंचे थे। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी वहां मौजूद थे। दोनों नेताओं के आगमन के बाद सीएम नीतीश कुमार ने लगभग 25 मिनट तक सामने खड़ी जनता को संबोधित किया। नीतीश जब अपना भाषण खत्म करके वापस अपने जगह पर बैठने आए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आपने इतना अच्छा भाषण दिया कि मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा। इस पर मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए झुके और उनके पैर छू लिया। मुख्यमंत्री का इस तरह से सार्वजनिक मंच पर प्रधानमंत्री का पैर छूने का वीडियो अब वायरल हो रहा है। वहीं, अब इस वीडियो पर राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और सूबे के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

सीएम नीतीश ने छुआ पीएम मोदी का पैर

बता दें कि सार्वजनिक मंच पर पीएम मोदी का पैर छूने का सीएम नीतीश कुमार का यह वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। खासकर वह हिस्सा, जब सीएम पैर छूते हैं। वहीं, प्रधानमंत्री, जो स्पष्ट रूप से नीतीश कुमार का भाषण खत्म होने का इंतज़ार कर रहे थे, उन्हें उनसे गुफ्तगू करते हुए सुना गया।

हमें बहुत बुरा लगा

नीतीश कुमार द्वारा पीएम मोदी के पैर छूने को लेकर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, आज मैंने नीतीश कुमार की एक तस्वीर देखी जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छुएज्हमें बहुत बुरा लगा। ये क्या हो गया? नीतीश कुमार हमारे अभिभावक हैं। नीतीश कुमार जितना अनुभवी कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं है और वह प्रधानमंत्री मोदी के पैर छू रहे हैं।

मथुरा में मंदिरों में दर्शन का समय बदला, श्री बांकेबिहारी में उमड़े श्रद्धालु; दो की हालत बिगड़ी

मथुरा। गर्मी को देखते हुए मथुरा में मंदिरों के समय में दर्शन के लिए समय में बदलाव किया गया है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के सभी मंदिरों के ग्रीष्मकालीन दर्शन के समय में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवसंवत्सर, 2081 यानी नौ अप्रैल की सुबह से परिवर्तन किया गया है। इसके तहत श्रीगर्भगृह मंदिर में प्रातः साढ़े छह बजे से रात्रि नौ बजे तक दर्शन होंगे। भागवत-भवन व अन्य सभी मंदिर में प्रातः 6.30 बजे से दोपहर एक बजे तक एवं सायं चार बजे से रात्रि नौ बजे तक दर्शन होंगे।

श्रीबांकेबिहारी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दो की तबीयत बिगड़ी

ठा. बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को तीसरे दिन भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जबरदस्त भीड़ के दबाव और धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं को मुश्किल से आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन हो सके। इस बीच दो श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

रविवार को सुबह श्री बांकेबिहारी मंदिर के पट खुलने से पहले ही विद्यापीठ चौराहा से लेकर बांकेबिहारी मंदिर तक श्रद्धालुओं की 500 मीटर लंबी कतार लग गई। मंदिर की गलियां भी खचाखच भर गईं। मंदिर के पट खुलने के बाद भी श्रद्धालु मंदिर की ओर बढ़े और दर्शन कर निकास द्वार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

गृहमंत्री कानून तोड़ते हैं तो एफआईआर नहीं, खेद प्रकट करने के बाद महंत के खिलाफ कार्रवाई क्यों - दीपक बैज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने साफ किया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में प्रदेश में भाजपा से ज्यादा सीटें जीतने में कामयाबी हासिल करेंगे। कांग्रेस की न्याय गारंटी योजना को भरपूर समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस के भीतर अंतर्कलह जैसी स्थिति नहीं है। सत्ता पक्ष के प्रलोभन की वजह से कुछ लोग पार्टी से अलग जरूर हुए हैं। बगावत या पार्टी के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रमुख मुद्दा मोदी सरकार की 10 वर्ष की विफलता और कांग्रेस की न्याय गारंटी योजना होगी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा में पिछला इतिहास कांग्रेस के लिए ठीक नहीं रहा, लेकिन हमारा दावा है कि 2024 के चुनाव में प्रदेश में हम भाजपा से ज्यादा सीटें जीतेंगे। लोकसभा चुनाव का मुख्य मुद्दा मोदी सरकार की विफलता है, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी से देशभर की जनता त्रस्त है। जरूरी वस्तुओं में लगातार जीएसटी बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई गई। पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि हुई है। 2024 के चुनाव में राज्य सरकार की विफलता को भी जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे, जिसमें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को बंद करके भाजपा सरकार ने बदले की राजनीति की है। इससे नुकसान आम जनता को हुआ। गोधन योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, आत्मानंद स्कूल, गोठान, राजीव युवा मितान क्लब, छत्तीसगढ़ियां ओंलिंपिक आदि योजनाएं गांव, गरीब, युवा, किसानों से जुड़ी थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने जो कुछ भी कहा उसके लिए उन्हें खेद प्रकट किया है। इससे पहले गौर करने वाली बात यह है कि भाजपा के लोग छत्तीसगढ़ी मुहावरा, लोकोक्ति को ठीक से समझ नहीं पाए। नेता प्रतिपक्ष का उद्देश्य बिल्कुल भी गलत नहीं था। भाजपा ने गलत मतलब निकाल लिया। सरकार के दबाव में कार्रवाई की गई है, लेकिन एक ही राज्य में दो अलग तरह के कानून यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। नेता प्रतिपक्ष के आवास पर गृहमंत्री के नेतृत्व में जब भाजपाई प्रदर्शन करने पहुंचते हैं और सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है तब पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है। हमने इसके खिलाफ भी निर्वाचन कार्यालय में शिकायत की। सीसीटीवी में साफ दिखाई देने के बाद भी भाजपा मुंह फेर लेती है।

दीपक बैज ने आगे कहा कि पार्टी कभी किसी को नहीं छोड़ती। हां, कुछ लोग गलतफहमियों में पार्टी जरूर छोड़ देते हैं। सत्ता पक्ष के लोगों ने पार्टी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नक्सलियों के गढ़ बस्तर में आज पीएम नरेन्द्र मोदी की आमसभा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इसके लिए भाजपा जोरों-शोरों से तैयारी कर रही है। छत्तीसग? की पूरी 11 सीटों पर भाजपा का ध्वज लहराने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के दौरे पर आ रहे है। पीएम मोदी कल बस्तर में आमसभा को संबोधित कर प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

जारी हुआ पीएम मोदी का शेड्यूल

भारत के सबसे संवेदनशील लोकसभा सीट बस्तर में कल पीएम मोदी जनसभा के कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ता बस्तर में आमसभा कार्यक्रम के लिए जमकर तैयारी कर रहे है। प्रधानमंत्री मोदी कल यानी 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे रायपुर पहुचेंगे। इसके बाद 11. 30 बजे प्रधानमंत्री बस्तर के लिए रवाना होंगे। बस्तर नारायणपुर के आम बोल गांव में दोपहर 12 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का बयान - जीत से एक कदम दूर, तब तक कोई युद्धविराम नहीं जब तक

जेरुसलम। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस्राइल गाजा युद्ध में जीत से एक कदम दूर है। उन्होंने कहा कि जब तक हमास सभी बंधकों को मुक्त नहीं कर देता, तब तक कोई संघर्ष विराम नहीं होगा।

बता दें कि हमास आतंकवादियों द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद पर 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू हो गया था। इसके छह महीने पूरे होने के अवसर पर पीएम नेतन्याहू एक कैबिनेट बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम जीत से एक कदम दूर हैं लेकिन हमने जो कीमत चुकाई वह दर्दनाक है। उन्होंने कहा कि जब तक बंधकों की वापसी नहीं होगी, तब तक कोई युद्धविराम नहीं होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस्राइल समझौते के लिए तैयार है, आत्मसमर्पण के लिए नहीं। नेतन्याहू के अनुसार अंतर्राष्टीय समुदाय द्वारा इस्राइल पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि यह दबाव हमास के खिलाफ बनाया जाना चाहिए। इससे बंधकों की रिहाई हो सकेगी। इस्राइल के बेन गुरियन हवाई अड्डे के में इस्राइल-हमास युद्ध के बंधकों की तस्वीरें लगाई गई हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दस साल से नहीं मिली सफलता, ब्रेक लेने में बुराई नहीं, प्रशांत किशोर की राहुल गांधी को सलाह

नई दिल्ली। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने राहुल गांधी को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सफलता नहीं मिलती है, तो उन्हें पॉलिटिक्स छोड़ने के बारे में विचार करना चाहिए। पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में पीके ने यह बात कहीं। किशोर ने पिछले दस सालों की असफलताओं के बावजूद पार्टी से अलग नहीं होने और किसी अन्य को पार्टी का नेतृत्व नहीं करने देने के लिए कांग्रेस सांसद की आलोचना भी की।

प्रशांत किशोर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह लोकतंत्र विरोधी है। उन्होंने कहा, जब आप पिछले दस सालों से एक ही काम कर रहे हैं। आपको कोई सफलता नहीं मिल रही है तो ब्रेक लेने में कुछ गलत नहीं है। अगले 5 वर्षों के लिए किसी और को मौका देना चाहिए। आपकी मां (सोनिया गांधी) ने भी ऐसा किया था। किशोर ने कहा कि राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया ने राजनीति से दूर रहने का फैसला किया था। 1991 में पीवी नरसिम्हा राव को सत्ता सौंप दी थी।

कांग्रेस को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते तो राहुल को पीछे हट जाना चाहिए

कई नेता पार्टी में निर्णय नहीं ले सकते

उन्होंने कहा, 'दुनिया भर के नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहा निर्वाचन आयोग, इंटरनेट मीडिया पर शुरू किए कई अभियान

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इंटरनेट मीडिया के विभिन्न मंचों पर अभियान शुरू किया है।

आयोग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इंटरनेट मीडिया पर चुनाव से संबंधित जो भी सूचना प्राप्त करते हैं, उसे पहले सत्यापित करें और फिर उसे साझा करें। लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा, जबकि एक जून को अंतिम चरण का मतदान होगा। आम चुनाव सात चरणों में हो रहा है।

चुनाव आयोग के अनुसार, वह 'टर्निंग 18' अभियान के माध्यम से युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को प्रेरित कर रहा है। उनसे मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आने का आग्रह कर रहा है। इसके अलावा 'यू आर द वन' अभियान के तहत आयोग विभिन्न हितधारकों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाए।

मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर, लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की, सागौन डोर, माइका डोर, माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी
दीमक से बचत वाटर प्रुफ
10 वर्ष की गांरटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

केन्द्रीय विद्यालय ने कक्षाओं में सीटें घटाई

अभिभावक हो रहे परेशान, पहले हर कक्षा में 40 सीट थीं, अब 32 कर दीं

रायपुर। केंद्रीय विद्यालय (केवी) ने हर कक्षाओं में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। केवी की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन में 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें हुआ करती थीं। सभी कक्षाओं में सीटें घटने के बाद विद्यालय प्रशासन लाचार हो गया है। प्रवेश पंजीकरण कराने के लिए आवेदन करने वालों की भीड़ लगी हुई है।

वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। प्राइवेट सेक्टर की नौकरी कर रहे पैरेंट्स का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिलेगा। केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। ऐसे में सीटें घटने से छात्रों और पैरेंट्स दोनों को मुश्किल हो रही है।

जानकारों का कहना है कि केवी में अधिक संख्या में विद्यार्थी होने से उन पर पूरे रूप से ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है और उनकी क्षमता घट जाती है। इस कारण सीट में कटौती संबंधित यह निर्णय किया गया है। हालांकि छात्र और परिजन में इसे लेकर निराश हैं। वहीं अध्यापकों की मानें तो 32 सीट से कम की कोई कक्षा ही नहीं बनती है। ऐसे में 32 सीट रखना प्रबंधन की मजबूरी है। कर्नाटक में 52 केन्द्रीय विद्यालय हैं, लेकिन सीटें घटने से प्रवेश की प्रक्रिया ही पूरी हो पाएगी। प्रथम व द्वितीय कक्षा को छोडकर् अन्य कक्षाओं में प्रवेश करना दूर की कौड़ी नजर आता है। इसके चलते बहुत कम कक्षाओं में नए बच्चों को प्रवेश मिल पाएगा। अकेले में बेंगलूरु में 16 केन्द्रीय विद्यालय हैं। सभी में कमोबेश सीटें या फुल हैं या फिर इक्का-दुक्का सीट ही है।

ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ केवल सरकारी नौकरी वालों को

केंद्रीय विद्यालय में सरकारी नौकरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। अगर पैरेंट्स का कहीं और ट्रांसफर होता है तो बच्चों को भी इंटर-स्टेट ट्रांसफर की सुविधा मिलती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। पहले सीटें खाली होने पर सभी पैरेंट्स के बच्चों को ट्रांसफर की सुविधा थी। अब सिर्फ सरकारी नौकरी में पदस्थ पैरेंट्स के बच्चों को ही ये सुविधा मिलेगी। प्राइवेट नौकरी में काम कर रहे लोगों के बच्चों को स्टेट ट्रांसफर की सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो के दौरान हादसा, मंच टूटने से महिलाओं और बच्चों समेत 10 से ज्यादा घायल

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर में पीएम मोदी के रोड शो के दौरान हादसा हो गया है। दरअसल मंच टूटने की वजह से 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घायलों में पत्रकार, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में सभी पार्टियों ने कमर कस ली है और वह चुनाव प्रचार में उतर गई हैं।

पीएम मोदी ने रविवार को जबलपुर में रोड शो किया। इस रोड शो को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोगों की भारी भीड़ के बीच मंच टूटने से कई लोग घायल हो गए। हालांकि किसी को गंभीर चोट आने की जानकारी नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि पीएम की एक झलक पाने के लिए जरूरत से ज्यादा लोग मंच के ऊपर चढ़ गए थे, जिसकी वजह से ये हादसा हुआ। पुलिस के समझाने पर भी लोग नहीं मान रहे थे।

पीएम मोदी ने जबलपुर में किए गए रोड शो की तस्वीरें भी अपने एक्स हैंडल पर साझा कीं। उन्होंने कहा, आज जबलपुर में रोड शो बेहद शानदार रहा! यहां के मेरे परिवारजनों का जोश और जुनून ये बता रहा है कि हमें तीसरे कार्यकाल का आशीर्वाद मिलने जा रहा है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सड़कों के साथ-साथ हमने यहां हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इससे जबलपुर के विकास को नए पंख लगे हैं।'

पीएम को देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

पीएम ने कहा कि जबलपुर में मेरे परिवारजनों ने कांग्रेस की जन-विरोधी राजनीति को काफी लंबे समय तक देखा है। वे बीजेपी का हमेशा समर्थन करते रहे हैं। हमारी पार्टी ने भी संसद में जबलपुर के चौतरफा विकास की सदैव बात की है। हम आने वाले समय में भी इस पूरे क्षेत्र के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। पीएम ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में भी हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जबलपुर का विकास पूरी स्पीड और स्केल के साथ हो। हम शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर और टूरिज्म जैसे सेक्टर को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहेंगे, ताकि इस क्षेत्र की इकोनॉमी में और सुधार आए। हमारा हर प्रयास जबलपुर के लोगों के जीवन को और आसान बनाने के लिए होगा।

CMYK

नवरात्रि पर्व व वैवाहिक सीजन को लेकर मिट्टी के बर्तनों का बाजार सजा

○ ज्योति -जवांरा कलश, खप्पर व मिट्टी के घड़े मटकों की मांग बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दुओं के नव संवत्सर लगने के साथ ही चैत्र नवरात्रि का पर्व व शादी-विवाह का सीजन प्रारंभ हो जाएगा। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 9 अप्रेल मंगलवार से लगने जा रहा है। शहर के मंदिरों व जिले भर के शक्ति स्थलों में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी तरह नवरात्रि पर्व के दौरान देव मुहूर्त होने के कारण वैवाहिक आयोजनों की भी तैयारी की जा रही है। इसके चलते बाजार में खरीदारी बढ़ गई है। लोग जहां शादी-विवाह में उपयोग में आने वाले मिट्टी के बर्तन करसा-कलोरी, छोटे-छोटे मटके, छेद वाले कलसे, छोटे दीए आदि की खरीदी कर रहे हैं वहीं नवरात्रि पूजा में उपयोग में आने वाले मिट्टी के बने ज्योति-जवांरा कलश, खप्पर, नांदी आदि की खरीदारी हो रही है। इसी तरह गर्मी के सीजन को देखते हुए प्यासे घरों को तरह करने के लिए मिट्टी के धड़े भी बड़ी मात्रा में खरीदे जा रहे हैं।



मिट्टी के बर्तनों का सजा बाजार

चैत्र नवरात्रि पर्व वैवाहिक सीजन व भीषण गर्मी के इस माहौल को देखते हुए बाजार में मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ गई है। शहर में जयस्तंभ चौक से लेकर महावीर चौक, गोलबाजार हांडी पसरा, नंदई चौक, हाट बाजार गंज चौक आदि जगहों पर मिट्टी के बर्तनों का बाजार सजा हुआ है। जयस्तंभ चौक रोड में दुकान लगाई रमशीला बाई ने बताया कि उनके यहां ज्यादातर मिट्टी के बर्तन डोंगरगांव क्षेत्र में आते हैं। वहीं शहर के आसपास के गांव भर्रेगाव, सिंगदई मोहारा आदि से भी माल मंगवाएं जाते हैं।

महावीर चौक समीप मिट्टी के बर्तनों के दुकान लगाए मनोहर ने बताया कि गर्मी बढ़ रही थी तो मटकों की मांग बढ़ गई थी। अब सामने नवरात्रि पर्व व शादी-विवाह के सीजन होने से कलशा-कलोरी छोटे मटके व घड़े सहित ज्योति ज्वारा कलश व खप्पर नांदी आदि की मांग बढ़ गई है। ज्योति -जवांरा के कलश 75 से 100 रुपए में प्रति नग बेचे जा रहे हैं वहीं खप्पर को 150 रुपए नग में दिया जा रहा है। इसी तरह वैवाहिक आयोजनों सहित गर्मी के दिनों में ठंडा पानी के लिए उपयोग में आने वाले मिट्टी के बड़े घड़े 150 रुपए से लेकर 200 रुपए तक बेचने जा रहे हैं। छोटे मटके व घड़े 60 रुपए 75 रुपए से लेकर 100, 125 रुपए तक में बेचा जा रहा है।

बाजार हुआ गुलजार

फिलहाल बाजार में मिट्टी के घड़ों से लेकर मिट्टी से बने अन्य बर्तनों की अच्छी मांग बनी होने से मिट्टी के बर्तन बेचने वाले व्यवसायियों के चेहरे खिले हुए है। इधर नवरात्रि व शादी विवाह का सीजन लगने के चलते पूजा सामानों से लेकर मिट्टी से बने बर्तनों व अन्य सामानों की मांग में इजाफा देखा जा रहा है। शादी विवाह वाले वैवाहिक घरों सहित नवरात्र पूजन के लिए मंदिरों की साफ-सफाई व रंग रोगन के अलावा आकर्षक साथ सज्जा में लोग जुट गए हैं। वहीं ज्योति प्रज्ज्वलन के लिए ज्योति कक्ष की भी साफ-सफाई व अन्य तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। बहरहाल नवरात्रि पर्व व वैवाहिकी सीजन के चलते मिट्टी के बने बर्तनों सहित बाजार में कपड़े लत्ते से लेकर ज्वेलरी, बर्तन, आलमारी, फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक आइटम व अन्य चीजों की खरीदारी के लिए लोगों की चहल- पहल बढ़ गई है। ग्राहकों का रेला होने के कारण बाजार गुलजार बना हुआ है।

घुमका पुलिस ने आदतन शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

○ राजनांदगांव निवासी हैं शराब तस्करी का आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। थाना घुमका पुलिस ने एक अप्रैल को अपने थाना क्षेत्र से आदतन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी शराब तस्कर ग्राम बाटगांव से अवैध बिक्री के दौरान जप्त किये गये करीब 60 लीटर शराब के परिवहन के मामले मे संलिप्त था तथा आरोपी के विरुद्ध शराब तस्करी एवं बिक्री के मामले मे जिले के कई थानो मे अपराध दर्ज हैं। उक्त आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त एक मोटर साईकल एवं 48 पौवा देशी प्लेन मदिरा शराब 8.640 लीटर कीमती 4500 रूपये जप्त की गई है। थाना घुमका पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही गिरफ्तार हुए आरोपी का नाम कुंदन चौधरी पिता यशवंत चौधरी उम्र 20 साल निवासी राजीव नगर वार्ड नंबर 42 थाना बसंतपुर बताया जाता हैं।

बता दें कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगाव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में घुमका पुलिस एवं साइबर सेल राजनांदगाव की संयुक्त टीम के द्वारा बाटगांव निवासी आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के कब्जे से जमीन मे गाड़कर रखे करीब 60 लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब को जप्त कर आरोपी मनमोहन के साथ-साथ उक्त बरामद शराब के परिवहन मे संलिप्त व्यक्ति कुंदन चौधरी के विरुद्ध नामजद एफआईआर क्रमांक 51/24 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी कुंदन चौधरी फरार चल रहा था जिसे साइबर सेल राजनांदगाव की मदद से थाना घुमका पुलिस द्वारा रविवार 07 अप्रैल को आरोपी कुंदन चौधरी को गिरफ्तार कर रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया है साथ ही प्रकरण में शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटर साईकल के अलावा आरोपी के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब को जप्त किया गया है।

पहला कॉलम...

चुनाव सबंधित शासकीय कार्यो के लिए भाजपा से अरुण शुक्ला व विजय सिन्हा अधिकृत

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव संबंधित समस्त शासकीय कार्यों के संपादन के लिए पार्टी की ओर से दो कार्यकर्ताओं को कार्यभार सौंपा गया हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शासकीय कार्यों के सुचारु रूप से संचालन के लिए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जिला भाजपा के सह कार्यालय प्रभारी अरुण शुक्ला को प्रभारी व उनके सहयोगी विजय सिन्हा को दायित्व दिया गया है। ये पार्टी के अनुमति एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए अधिकृत किए गए हैं। उल्लेखनीय हैं, कि शुक्ला इन कार्यों को पिछले कई चुनाव से कार्यरत रहें हैं उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

संविधान को लेकर कांग्रेस भाजपा के विरुद्ध जनता में भ्रम फैला रही - आशीष डोंगरे

राजनंदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं में संविधान को लेकर भाजपा के विरुद्ध भ्रम फैला रही है। श्री डोंगरे ने स्पष्ट करते हुए कहा कि 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनाव में कांग्रेस जीत के लिए नहीं बल्कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र भाजपा सरकार द्वारा अपने 10 साल के कार्यकाल में अनेक असंभव से असंभव लगने वाले कार्यों को कर दिखाया है। जिससे देश की जनता न सिर्फ खुश है। बल्कि देश में राजनीतिक स्थायित्व भी चाहती है।जनता चाहती है। कि श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार काफी लंबे समय तक चलती रहे और हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित होकर विश्व में सरताज बने।

श्री डोंगरे ने आगे कहा कि भाजपा भी चाहती है। कि संविधान के मुताबिक हमारा देश पहले से अधिक स्वस्थ लोकतंत्र बनकर विश्व के अन्य देश के लिए प्रेरणा स्रोत बने। लेकिन देश सहित विदेशों में भी भाजपा के नेतृत्व में भारत की बढ़ती लोकप्रियता से तिलमिलाई कांग्रेस लोकसभा चुनाव में प्रचार के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है। जनता को यह बता रही है। कि 543 सीट में से 400 सीट से ज्यादा मांग कर भाजपा संविधान को बदल देना चाहती है।

जय नारायण वर्मा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सोनार पारा निवासी जय नारायण वर्मा उम्र 65 वर्ष बैहर वाले का रविवार 7 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे नवप्रदेश अखबार के फोटोग्राफर श्रेयश व सौरभ के पिता थे। वे अपनी पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से आज 8 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे मुक्तिधाम लखोली के लिए निकाली जाएगी।

महाविद्यालय में हुआ नि:शुल्क सिकलसेल परीक्षण शिविर

राजनांदगांव (दावा)। हाल हाल ही में सरकार ने 2023-24 के बजट में 2047 तक सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने की एक मिशन की घोषणा की है। इसी मिशन में कॉन्फ्लूऐंस कॉलेज ने भी अपनी भागीदारी पेश करते हुए महाविद्यालय में एकदिवसीय नि:शुल्क सिकल सेल परीक्षण का आयोजन किया। इस शिविर को गोद ग्राम पर्रीकला में भी लगाया गया जिसका लाभ गांव के लोगो भी मिला जिसमे 0 से 40 वर्ष तक के लोग शामिल थे।

इस शिविर के माध्यम से लगभग 150 लोगो ने सिकल सेल का जांच कराया जिसमे छोटे बच्चे, विद्यार्थी, महिलाएं और शिक्षकगण शामिल रहे। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी धनंजय साहू ने बताया कि सिकल सेल पीढ़ी दर पीढ़ी होने वाले रोगों में से एक है जो अधिक दुखदायी होता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में सिकल सेल से संबंधित जानकारी का साझा करना,रोगों का पता लगाना और उन लोगों का डाटा एकत्रित करना था। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी विजय मानिकपुरी ने कहा कि गोद ग्राम पर्रीकला में शिविर लगाना फायदेमंद साबित हुआ क्योंकि 4 से 5 बच्चों के माता पिता को इसकी जानकारी नहीं थी। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला के विद्यार्थी एवं शिक्षक गण भी मौजूद थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रचना पांडे ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया एक प्रकार के अनुवांशिक बीमारी है जिसमें रक्त में होने वाली लाल रुधिर कोशिकाओं के आसामान्य हसिये जैसे आकार के कारण व्यक्ति में हिमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और शारीरिक विकास रुक जाती है जिससे शरीर कमजोर हो जाती है।महाविद्यालय के संचालकगण संजय अग्रवाल,आशीष अग्रवाल और डॉ मनीष जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि यह कदम भारत को सिकल सेल रोग मुक्त भारत की ओर ले जाएगी।उन्होंने कहा कि इसे एक आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि हमारे लिए सिकल सेल एक बड़ी चुनौती है।हमें जमीनी स्तर पर आंदोलन कर,लोगो की गलत धारणाओं को दूर करके उनके साथ मिलकर सभी को इस संक्रमण को रोकना होगा और साथ ही साथ आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित करना होगा।

भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि हैं - भरत वर्मा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे का चुनाव प्रचार अभियान दिन प्रतिदिन जोर पकड़ ता जा रहा है। संसदीय क्षेत्र के सभी मंडलों में पार्टी का स्थापना दिवस जोशीले माहौल मे मनाया गया, इसी क्रम में लालबहादुर नगर में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ और स्थापना दिवस भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कहा की भाजपा के कार्यकर्ता देश के लिए जीते हैं, हमारी पार्टी के विचारों व सिद्धांतों में राष्ट्र सर्वोपरि रहा हैं। हमारे अनेक कार्यकर्ताओं ने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी हैं। श्री वर्मा ने पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा की आज यदि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तो यह मुखर्जी के बलिदान के परिणाम स्वरूप हैं अन्यथा कांग्रेस ने अपनी कुनीति के तहत देश का बटवारा किया, लाखों लोगों को मौत के घाट उतरवाया, तीन बीघा जमीन बंगलादेश को दिया उसी तरह से कश्मीर भी पाकिस्तान के हिस्से मे चल जाता किन्तु समय रहते पंडित मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्र व्यापी आंदोलन का शंखनाद करके अपना बलिदान देकर कश्मीर को भारत के साथ जोड़े रखा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री वर्मा ने आगे कहा कि इसी तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने तत्कालीन समय में कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का व्यापक विरोध किया व देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई। एकात्म मानववाद का विश्वव्यापी नया चिंतन लाकर कांग्रेस की राजनीति को झकझोर दिया था। देश में भारतीय जनसंघ के बढ़ते जनाधार से व देश के अनेक राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारों के गठन से वे कांग्रेस की आँखों की किरकिरी बन गये थे, अंततः राष्ट्र विरोधी तत्वों ने मुगलसराय रेलवे स्टेशन में मानवता व देश के सच्चे सपूत पंडित दीनदयाल को मौत के घाट उतर दिया। श्री वर्मा ने आगे कहा कि राष्ट्रवाद की अलख जगाते पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता बंगाल, केरल सहित अनेक राज्यों में अपनी आहूतियां देते आ रहें हैं अपने छत्तीसगढ़ राज्य में भी भाजपा कार्यकर्ता नक्सलियों की बंदूक के निशाने पर हैं। बस्तर क्षेत्र में अनेक कार्यकर्ताओं को गोलियों से भून दिया गया, यह क्रम अभी भी जारी हैं किन्तु इससे ना भाजपा डरेगी, ना पीछे हटेगी। हम राष्ट्र को विकास के उस सोपान तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं जहा से हमे पूरी दुनिया विश्वगुरु के रूप में देखेगी।

इस दौरान प्रमुख रूप से लोकसभा सह समन्वयक खूबचंद पारख, खेदुराम साहू, दिनेश गांधी, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, कोमल सिंह राजपूत, मूलचंद लोधी, बोधीराम साहू, रामाधीन देवांगन, गिरवर साहू, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, देवेन्द्र साहू, वेदराम ताम्रकार, किरण साहू, वर्षा गेडाम, चंद्रकुमार देवांगन, तामेश्वर साहू, राजकुमार ठाकुर, देवेन्द्र साहू, भोज वर्मा, देवेन्द्र यादव, अशोक वर्मा, घनश्याम वैष्णव, राजकुमार ताम्रकार, अवध साहू, मुकेश साहू, संदीप सिन्हा सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुरगी में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती

○ संगठित समाज ही तरक्की करता है - जीवन लाल साहू
○ सामाजिक प्रतिष्ठा मूर्ति के बारे में जानकारी होने से लोग गौरवान्वित होते है- ओमप्रकाश साहू

राजनांदगांव (दावा)। आदर्श गांव सुरगी में साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी संतमाता कर्मा की 1008 वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। मंडल साहू संघ मुड़पार के कार्यालय मां कर्मा सामुदायिक भवन सुरगी में सर्वप्रथम संतमाता कर्मा की पूजा अर्चना की गई। समेत स्वर में मां कर्मा की आरती गायन किया गया। लोगों ने एक दूसरे को कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभा को संबोधित करते हुए मंडल साहू संघ मुड़पार के अध्यक्ष जीवन लाल साहू ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति होती है। संगठित समाज ही तरक्की कर पाता है और विभिन्न बाधाओं पर विजय हासिल हो पाती है। समय के अनुसार कई प्रकार की परंपरा को छोड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश साहू संघ ने निर्णय लिया है कि कोई भी विधवा मां को अपने बेटे की शादी में मौर सौंपने से नहीं रोकना है। कोई भी महिला के विधवा होने पर उसकी चुड़ियां को तालाब में न फोड़ कर सम्मानपूर्वक घर में ही उतरवाना है। उन्होंने कहा कि अपनी जाति और धर्म पर गर्व करें। कुछ परेशानी और स्वार्थ में धर्म परिवर्तन न करें।

इस अवसर पर जिला साहू संघ के साहित्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू अंकुर ने कहा कि वही समाज के लोग आगे बढ़ पाते हैं जिस समाज के लोग अपने महापुरुषों के बारे में विस्तार से जानते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलते हैं। उनकी जयंती पर समारोह आयोजित करना और पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करना हम सबका परम कर्तव्य बनता है। अपने समाज के गौरवशाली इतिहास व सामाजिक प्रतिष्ठा मूर्ति की जानकारी होने पर हमें गर्व होना चाहिए। हमे संतमाता कर्मा के साथ ही दानवीर भामाशाह, भक्तिन माता राजिम, मां भानेश्वरी और अन्य महापुरुषों की जीवनियों से परिचित होना चाहिए। इससे हमें समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। समाज के लिए यथासंभव समय दान, अर्थ दान करने के साथ ही विभिन्न रचनात्मकता कार्यों को बढ़ावा देने में योगदान देना चाहिए तभी समाज उन्नति की ओर अग्रसर होता है।

सभा को संबोधित करते हुए मंडल साहू संघ मुड़पार के सचिव हेमंत कुमार साहू ने लोगों में अपने समाज के प्रति जागरूकता होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से समाज द्वारा थाली और अन्य बर्तन की व्यवस्था की गई है जिसे आप लोग अल्प राशि देकर उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कर्मा जयंती समारोह को सफल बनाने हेतु सभी पार प्रमुखों के साथ ही सभी स्वजातीय बंधुओं और माताओं, बहनों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जीवन लाल साहू मंडल अध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू अंकुर के अलावा हेमंत साहू मंडल सचिव, मुरली साहू, सुकृत दास साहू, टहल राम साहू, कामता साहू, नरोत्तम साहू, रैन सिंह दीपक, बेनी राम साहू, हेमनाथ साहू, प्रधुमन साहू, खोरबाहरा राम साहू, खेमू राम साहू, श्रीमती कामिन साहू, डॉ एस कुमार साहू, डोहर दास साहू, जीवनलाल साहू, कमलेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, घनश्याम साहू, इतवारी राम साहू, नाथूराम साहू, श्रीमती प्रमिला साहू, बंकट राम साहू, धनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान में 61 प्रकरणों में 21700 रुपये वसूला जुर्माना

○ आचार संहिता के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सघनता व सतर्कता के साथ चेकिंग करने हेतु दिया गया था दिशा निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहनों के चेकिंग अभियान के तहत शनिवार को 61 प्रकरणों में वाहन चालकों से 21700 रुपए जुर्माना वसूला गया। बताया दें कि इस संबंध में थाना बसंतपुर, डोंगरगढ़ एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। इस क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में आने जाने वाले तमाम वाहनों की निगरानी और चेकिंग की जा रही है व बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना लाइसेंस/मौके पर कागजात पेश न करना, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसके जिला पुलिस बल एवं एसएसटी टीम द्वारा आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है तथा कानून-व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

बताया जाता है कि पुलिस एवं प्रभारियों तथा यातायात शाखा अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने, शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके तहत् थाना बसंतपुर, डोंगरगढ़ एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 5 अप्रैल को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालो के कुल 61 प्रकरण में 21700 रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को जागरूक भी किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

कार्यालय राजस्व निरीक्षण लखोली, तहसील जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

सीमांकन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक /201/ प्रवा./तह./2024 राजनांदगांव दिनांक 27/02/2024 के अनुसार आवेदक अहमद रजा पि. रियाज अहमद निवासी जूनी हटरी, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 391/6, 392/3, 392/1, 392/14, 392/15 रकबा क्रमशः 0.040, 0.093, 0.076, 0.097, 0.101 हे. भूमि का सीमांकन कार्य गठित दल द्वारा दिनांक 10/04/2024 दिन बुधवार समय 12.00 बजे से किया जाना है।

अतः आवेदक एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने-अपने भूमि स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होंवे।

जारी दिनांकः- 04/04/2024

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. लखोली

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मां कर्मा जयंती के शुभअवसर पर पापकार्न फिल्मस् की प्रस्तुति
मेरी मां कर्मा
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - ओंकारदास मानिकपुरी, कुकी स्वाएन, अल्का अमीन, सानंद वर्मा, इश्तियाक खान, सुनिता राजवर, भगवान तिवारी आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा- संतोष पांडे

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे ने आज डोंगरगढ़ में विधानसभा क्षेत्र के दो दर्जन से भी अधिक ग्रामों का प्रवास करते हुए अनेक स्थानों आयोजित सभा में कहा कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में कोई दम नहीं है, यह झूठ का पुलिंदा मात्र हैं, इसमे किए वायदों से कोई वर्ग भी प्रभावित होने वाला नहीं हैं, क्योंकि इसके पहले भी कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए घोषणाएं की थी और सत्ता में आने के बाद उनकी सारी घोषणाएं दूर की कौड़ी साबित हुई। किसानों से एमएसपी पर सारी फसले खरीदने के कांग्रेसी घोषणा पर तीखा पलटवार करते हुए श्री पांडे ने कहा की जिस स्वामीनाथन की रिपोर्ट को आधार बनाकर किसानों की सारी फ़सलों को एमएसपी पर खरीदने का वायदा आज कांग्रेस कर रही हैं, उस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट कांग्रेस के यूपीए शासन के दौरान आयी थी। आयोग के रिपोर्ट आने के दौरान कांग्रेस अनेक वर्षों तक केन्द्रीय सत्ता पर रही, तब उसने आयोग की रिपोर्ट को संज्ञान में नहीं लिया ना ही उसकी सिफ़ारिशे लागू की। तब कांग्रेस सरकार ने उस रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में फेंक रखा था। अब सत्ता गंवाने के बाद उन्हें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट व सिफ़ारिशे याद आ रही हैं। उनके इस दोगलेपन को क्षेत्र व देश के किसान भलिभाँति समझ रहें हैं। इससे कांग्रेस को रंचमात्र भी फायदा होने वाला नहीं हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 12 करोड़ से अधिक छोटे व मँझोले किसानों के खाते में 06 हजार रुपए किसान सम्मान निधि भेज रहें हैं। किसानों की प्रमुख फसलों को एमएसपी के आधार पर रिकार्ड खरीदी की जा रही हैं, कृषि उपकरणों में सब्सिडी को बढ़ाया गया है इतना ही नहीं बल्कि उर्वरक के दाम ना बढ़े इसके लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। किसानों के लिए बिजली की समुचित व्यवस्था की गई हैं। बजट में कृषि को प्रधानता दी गई। किसान हित में किए गए इन कार्यों से तिलमिलाई कांग्रेस कपोल कल्पित घोषणाओं का सहारा लेकर चुनाव की वैतरणी पार करना चाहती हैं पर देश के किसान सजग व समझदार हैं, कांग्रेस की झूठी घोषणाओं के झांसे मे आने वाले नहीं हैं।

श्री पांडे ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को तार-तार करते हुए कहा कि संसदीय क्षेत्र से वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने भी सत्ता में आने के लिए प्रदेश की जनता के साथ 36 वायदे किए थे किन्तु 05 साल सरकार चलाने के बाद 36 वायदों में से एक भी वायदा पूरा नहीं किया। गंगा जल उठाकर पूर्ण शराबबंदी की कसमें खाने वालों ने शराब की होम डिलीवरी प्रारंभ कर दी थी। महिलाओं को पाँच सौ रुपए प्रति महीने देने का वायदा किया था किन्तु उन्हे फूटी कौड़ी भी नहीं मिली। बेरोजगारी भत्ते के नाम पर युवाओं का मजाक बनाया गया। कर्ज माफी की घोषणा सिगूफा साबित हुई, महिला स्वसहायता समूहों की कर्ज माफी की घोषणा दिवास्वप्न साबित हुई, संपत्ति कर माफ करने की घोषणा भी थोथी साबित हुई, अनियमित दैनिक वेतनभोगी व संविदा मे कार्यरत लाखों कर्मचारियों की घोषणा पूरी नहीं कर सकें। अब सत्ता से हटने के बाद उन्हे इन सारे वर्गों की फिर से याद सताने लगी हैं पर लोगों ने कांग्रेस को देखा भी है और भोगा भी हैं और वर्तमान में मोदी जी के कार्यों को भी देखा हैं। मोदी जी जो कहते हैं वह करते हैं। मोदी जी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी हैं जिस पर देश के जनमानस का पूरा विश्वास हैं। श्री पांडे ने आज अपना जनसम्पर्क अभियान ग्राम गातापार प्रारंभ किया फिर वे ग्राम टेमरी, गाढ़ाघाट, चंगुर्दा, बैगाटोला, इटार, बरबसपुर, पाड़ादाह, पिपलाकछार, घुमका, सलौनी, मुड़पार, ऊपरवाह, कलडबरी, खैरझिटी, तिलई पहुंचे अनेक स्थानों पर श्री पांडे का भावभीना स्वागत किया गया ढोल नगाड़ों के बीच ग्रामीणों ने उन्हे फूल मालायें पहनाई श्री पांडे इसके पश्चात ग्राम पदुमतरा, डोमहाटोला, धौराभाटा, डूमरडीहकला, विचारपुर, चारभाँठा व गातापारकला का भी जनसम्पर्क करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से रामजी भारती, विनोद खांडेकर, भागवतशरण सिंह, शशिकांत द्विवेदी, राजेश श्यामकर, बिसेसर साहू, राजीव चंद्राकार, उत्तम दसारिया, नोमेश वर्मा, प्रतीक्षा भण्डारी जागेश्वर साहू, किरण बारले, रामकुमार वर्मा, महेश यादव, मलिखम कोसरे, गोपी साहू, शशांक साहू, नरोत्तम सिन्हा, ज्ञानदास बंजारे, कमलेश सिंह भदौरिया, डॉ. बिसेसर साहू, टिलेश्वर साहू, खुमान देशलहरे, गौश मोहम्मद, संजय यदु, वंदना दांडेकर, संतोष देवांगन, शिवम योगी, सन्नी यदु, राजीव चंद्राकार, खुमान साहू, सुनील जैन, संतोष कर्ष, करिया साव, टोपसिंह राजपूत, मोना सिंह, राहुल देवांगन, जवरीलाल जैन, डॉ. सिन्हा, गणेश पटेल, मानिक यदु, महेश मंडवी, राकेश गुप्ता, लक्ष्मी चंद आहूजा, हर्ष वर्मा, रामेश्वर रामटेके सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चेटी चंड महोत्सव का आज 'प्यार जा रंग' मूवी से भव्य आगाज

गंज मंडी के सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई जाएगी फिल्म

राजनांदगांव (दावा)। सिंधी समाज के अवतारी पुरुष भगवान झूलेलाल जयंती का आगाज आज गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन में दिखाई जाने वाली फिल्म 'प्यार जा रंग' से होने जा रहा है। आज सोमवार की रात सिल्वर स्क्रीन में 9 बजे उक्त मूवी का प्रदर्शन होगा।

सिंधी समाज के अशर झुमनानी, अर्जून वाधवानी, राजा माखीजा व चंदन रुचंदानी ने बताया कि सिंधी समाज द्वारा समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस इस बार भी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर भव्य तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि कल 9 अप्रेल को समाज के महिलाओं द्वारा भव्य स्कूटी रैली निकाली जाएगी। वहीं 10 अप्रैल को विभिन्न आयोजनों सहित भगवान चेटी चंड महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

इसके पूर्व आज सिल्वर स्क्रीन में दिखाई जाने वाली मूवी 'प्यार जा रंग' से भगवान झूलेलाल महोत्सव का आगाज हो रहा है। बताया गया है कि इस फिल्म में घर-परिवार को कैसे संभाल कर रखना चाहिए व अपने बच्चों को कैसे प्यार-दुलार करना चाहिए, इस मूवी में बड़े ही सुंदर, जानदार व शानदार तरीके से दिखाया गया है। इस संबंध में सिंधी समाज के सभी सामाजिक लोगों से अपील की गई है कि बसंतपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित सिल्वर स्क्रीन में रात को 9 बजे दिखाई जाने वाली सिंधी भाषा की पारिवारिक व रचनात्मक मूवी प्यार जा रंग का अवश्य लाभ लें और अपने घर-परिवार सहित बाल- बच्चों के जीवन को अच्छे से संवार कर स्वर्ग से सुंदर बनाए।

माँ बम्लेश्वरी देवी पदयात्री सेवा पंडाल आयोजन समिति गठित

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव में माँ बम्लेश्वरी देवी पदयात्री सेवा पंडाल में सेवा देने हेतु स्वयंसेवकों की अति आवश्यक बैठक बागेश्वर मंदिर परिसर जी.ई. रोड़ में आयोजित की गई। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं माताएं-बहनें उपस्थित हुई जिसकी जानकारी देते हुए पदयात्री सेवा समिति के सेवक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, मनीष यादव ने बताया कि बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार, बालरत्न मंच सेवा समिति वह अन्य सामाजिक धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता से संचालित पदयात्री सेवा बैठक में सभी उपस्थितजनों ने सर्वसम्मति से आयोजन समिति में अध्यक्ष हेतु संदेश जैन एवं महिला सेवा अध्यक्ष मधु खंडेलवाल को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया सेवा ही उद्देश्य को शिरोधार्य करते हुए उन्होनें अपनी कार्यकारिणी इस प्रकार गठित की, आयोजन समिति में संरक्षक कैलाशचंद गुप्ता, सोहन लाल गुप्ता, डॉ.डी.सी.जैन, राम अवतार जोशी, शारदा तिवारी संयोजक राकेश ठाकुर, पंकज गुप्ता, झम्मन देवांगन, निकुंज सिंघल, हेमंत तिवारी, महेंद्र सुराणा, मनोज बैद, आनंद वर्गीस, राजेश शर्मा, योगेश साहू, शरद गुप्ता, उपाध्यक्ष शिव वर्मा, राहुल अग्रवाल, मयंक कृष्णा शर्मा, अर्चना दास, किरण अग्रवाल, माया अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सचिव मौसमी शर्मा, महेन्द्र जंघेल, सूरज गुप्ता, गौरव खंडेलवाल सह सचिव कमल किशोर साहू, सुधा अग्रहरि, प्रतिभा खंडेलवाल, सुमित चौरसिया, कैलाश गुप्ता राजगुप्ता, संगठन मंत्री राधा ठक्कर, दीपा ठक्कर, भावेश अग्रवाल, रितेश यादव, विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल व्यवस्था निरीक्षक प्रशांत अग्रवाल मनीष यादव, भण्डारा, रसोई प्रभारी महेश शर्मा, अजय गुप्ता, प्रसादी वितरण प्रभारी गणेश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, गोविंद जोशी, निलेश शर्मा, शैलेष गणात्रा, साधना खंडेलवाल, आरती सिन्हा, प्रीति गुप्ता, सनम ठाकुर, स्वागत अध्यक्ष प्रज्ञा गुप्ता, साधना तिवारी, दिनेश अग्रवाल, पदयात्री सेवा प्रभारी हरीश भानुशाली, अंशुल कसार, सुखमन पुरोहित, सौरभ गुप्ता, अंकित शाह, स्वच्छता प्रभारी सतीश मसीह राजा गुप्ता, मीडिया प्रभारी सूरज बुद्धदेव, जितेंद्र सिंह, ईश्वर साहू, सांस्कृतिक प्रभारी प्रशांत कुशवाहा, आशा गुप्ता मंच संचालन प्रभारी अमलेंदु हाजरा, राकेश ठाकुर ईदूभूषण, चिकित्सा प्रभारी डॉ मिथिलेश शर्मा कांति मौर्य, विनय साहू, डॉ. मंजरी गाँधी, डॉ अनिरूद्ध गाँधी, डॉ गिरीश गुप्ता, डॉ. क्रांति गुप्ता, डॉ मनीष शर्मा, मीडिया प्रभारी सूरज बुद्धदेव, जितेंद्र सिंह, ईश्वर साहू महिला सेवा कार्यकारिणी लक्ष्मी गुप्ता, गोमती गुप्ता, आशा गुप्ता, वंदना गुप्ता, ज्योति गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, ममता शर्मा, दीपागुरु, मधु अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, रंजना गुप्ता, प्रिया भोजानी, चंचल गुप्ता, पूनम भोजानी, सुभांगिनी गुप्ता, कविता बुद्धदेव, चांदनी वडेरा, धनश्री गणात्रा, आरती गुप्ता, संगीता खण्डेलवाल, दीपा खण्डेलवाल, रितु तराने, शीला जोशी, पुष्पा सोनी, रीतू शर्मा, रजनी अग्रवाल, नंदिनी यादव, कार्यकारिणी विवेक शुक्ला, जय नारायण सिंह, नवीन अग्रहरि, लोकेश अग्रवाल, राम ठक्कर, आशीष यादव, दिलेश्वर साहू, हेमंत चौधरी, प्रांजल गुप्ता, विकास साहू, श्रेयस भस्में, लोकेश सिन्हा, धर्मनाथ राय, मनोज चौधरी, कृष्ण कुमार सिंह, रूपेश टॉक, योगेश अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, सुकृत गुप्ता, राजू वैष्णव, राजीव गुप्ता, संदीप सोनी, विपुल सोनी, हेमंत वैष्णव उपरोक्त पदयात्री सेवा समिति की जानकारी मिडिया प्रभारी सूरज बुद्धदेव, जितेंद्र सिंह एवं ईश्वर साहू ने दी।

एनबीआईएस बोरी स्कूल में अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क नीरज बाजपेयी

राजनांदगांव (दावा)। एनबीआईएस बोरी स्कूल में उच्च कक्षाओं में विज्ञान संकाय (बायोलाजी, मैथ्स) तथा कॉमर्स संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन छात्रों को मिल रहा है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष इन्हीं विषय विशेषज्ञों के द्वारा स्कूल की पढ़ाई के उपरांत एक्स्ट्रा क्लासेस के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की पढ़ाई भी पालकों के आग्रह पर कराने की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की इच्छा रखने वाले सीमित छात्रों की क्लास बनाकर एक्स्ट्रा क्लासेस में निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जायेगा। जिससे बच्चों को दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने से निजात मिलेगी। ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को जेईईए नीट हेतु मैथ्स विषय के लिए दिलीप चोपड़ा सर (भिलाई) 24 वर्षो का अनुभव, केमेस्ट्री हेतु डॉ. इतेश जंघेल सर (पी.एच.डी.केमेस्ट्री) 24 वर्षो का अनुभव, स्नेहा जोगी मैम (एमएससी गोल्ड मेडलिस्ट) 9 वर्षों का अनुभव, बायो हेतु हार्दिक ठक्कर सर (अनअकेडमी एंड आकाश का 3 वर्षो का अनुभव), फिजिक्स हेतु परिवेश जैन सर (एनआईटी) 5 वर्षो का अनुभव, तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी हेतु दीपेश पटेल सर, 26 वर्षो का अनुभव, हितेश रायचा सर, 10 वर्षो का अनुभव, स्नेहा अल्हेपा मैम, 18 वर्षो का अनुभव, प्रतीक रहनडाले सर, 10 वर्षो का अनुभव द्वारा मार्गदर्शन दिया जायेगा। शाला में नये सत्र से कक्षा नवमीं एवं दसवीं के बच्चों को मैथ्स एवं साइंस के विषय विशेषज्ञों अमान सिद्दिकी सर, 12 वर्षो का अनुभव, मनीष देवांगन सर 5 वर्षो का अनुभव, दक्षा जोबनपुत्रा मैम, 7 वर्षो का अनुभव, स्वप्निल तिवारी मैम 8 वर्षो का अनुभव, प्रियांश सोनी सर 5 वर्षो का अनुभव की देखरेख में काम्पिटिटिव एक्जाम की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स कराया जायेगा। जिससे उनका जेईईए नीट हेतु मजबूत आधार बन सके। एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते हुए शारीरिक तथा मानसिक रुप से बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन इंडोर खेलों की व्यवस्था की गयी है। ग्यारह एकड़ के शाला परिसर में नये दो बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट है डबल, दो व्हालीबाल कोर्ट, दो टेबल टेनिस, फूटबॉल, खो.खो, हैंडबॉल, क्रिकेट एवं क्रिकेट के लिए नेट प्रेक्टिस पिच एवं ओपन जिम की स्थापना की गयी है। इंडोर तथा आउटडोर गेम के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान के साथ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गयी है। एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। बच्चों के गरम, पौष्टिक, ताजा भोजन एवं दूध की प्रशंसा पालकों द्वारा की जाती रही है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-ले जाने की व्यवस्था की गई है। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी (96914.07311) में नये सत्र 2024-25 में पालकों के विशेष आग्रह पर डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ से बोरी स्कूल हेतु सीधे बस की सुविधा दी जा रही है। डोंगरगांव से बस अपने नियत समय से सीधे अर्जुनी, रामपुर, घोरदा होते हुए बोरी स्कूल आयेगी। वहीं डोंगरगढ़ से बस मुसरा, भनपुरी, सुकुलदैहान, धर्मापुर व डिलापहरी होते एनबीआईएस. बोरी स्कूल पहुंचाई जायेगी। समय और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए एनबीआईएस का उद्देश्य बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कराना है।

संस्कारधानी में सर्वधर्म का अच्छा मेल-मिलाप: डॉ.चंदन यादव

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर ने दी इफ्तार पार्टी

राजनांदगांव (दावा)। जूनी हटरी स्थित निशांत मंजिल मुस्लिम जमातखाना में शुक्रवार 05 अप्रैल की शाम रोजेदारों के लिए दावत-ए-इफ्तार आयोजित किया गया। इसमें शामिल होने एआईसीसी सचिव व छग कांग्रेस सहप्रभारी डॉ. चंदन यादव सहित प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी व मुस्लिम भाईयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा जूनी हटरी स्थित निशांत मंजिल मुस्लिम जमातखाना में दावत-ए-इफ्तार आयोजित किया गया। जिसमें छ.ग. कांग्रेस के सहप्रभारी सहित प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होकर मुस्लिम भाईयों को रमजान माह की बधाई दी। एआईसीसी सचिव व छ.ग. कांग्रेस सहप्रभारी डॉ.चंदन यादव ने मुस्लिम भाईयों के पवित्र माह रमजान पर बधाई देते हुए कहा कि संस्कारधानी में वैसे तो सर्वधर्म का अच्छा मेल-मिलाप है क्योंकि यहां सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते आ रहे है। इसके लिए मैं पूरे शहरवासियों को बधाई देना चाहता हूं और सभी रोजेदारों का इस्तेकबाल करते हुए शुभकामनाओं के साथ संस्कारधानी राजनांदगांव में अमन-चैन की दुआ की कामना करता हूं। इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने मुस्लिम भाईयों को बधाई देते हुए कहा कि पवित्र रमजान माह चल रहा है। मुस्लिम भाईयों द्वारा भूखे-प्यासे रहकर रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे है। रोजा रखने में इंसान को इंसान की तकलीफों का अंदाजा हो जाता है। गरीबों के दुख-दर्द का एहसास होता है। मैं सभी रोजेदारों का इस्तेकबाल करते हुए पुनः शुभकामनाएं देता हूं। इफ्तार पार्टी में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी दीपक दुबे, कांग्रेस अल्पसंख्यक उड़ीसा प्रभारी अब्दुल कलाम, कुतबुद्दीन सोलंकी, प्रदेश कांग्रेस सचिव मेहुल मारू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, मोहम्मद रफी, आफताब अहमद, शकील रिजवी, हाफिज वारसी, अब्दुल खालिक, मुस्तफा जोया, फरमान अली, अब्बास खान, जितेन्द्र शर्मा, अरशद खान, सुरजीत ठाकुर, कादिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई मौजूद थे।

1 लाख 6 हजार 300 श्रमिकों ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत मतदान करने की ली शपथ

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत व्यापक तौर पर मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में शत प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रोजगार दिवस के अवसर पर राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के सभी 814 ग्राम पंचायत अंतर्गत चल रहे मनरेगा के 3487 कार्यों में कार्यरत कुल 1 लाख 6 हजार 300 श्रमिकों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान करने की शपथ ली।

आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी वस्तुओं का बाजार मोदी जी की प्रेरणा से संभव हो सका - व्यापार प्रकोष्ठ

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का सम्मेलन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के डोंगरगढ़ एवं छुरिया में सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से व्यापारी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता लाभचंद बाफना, खूबचंद पारख एवं कोमल सिंह राजपूत का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सम्मेलन में डोंगरगढ़ एवं छुरिया से बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित हुए जिसमें लाभचंद बाफना ने विगत 10 वर्षों में देश की नीति एवं व्यापार संबंधित नियमों के सरलीकरण पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि 2014 में जब मोदी जी चुनाव लड़ रहे थे, तब कांग्रेस ने उन्हें चाय वाला कहकर अपमानित करने का प्रयास किया था परंतु आज गर्व का विषय है कि उसी चाय वाले ने देश का तेजी से विकास करने वाली नीतियों का निर्माण किया और देश को आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री बाफना ने कहा कि मोदी जी ने स्मार्ट स्टार्टअप के माध्यम से करोड़ों बेरोजगारों को अपना व्यवसाय का अवसर दिया, स्किल इंडिया के माध्यम से श्रमिकों को कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा और जन-धन खाते खुलवाकर मुद्रा लोन के माध्यम से करोड़ों बेरोजगारों को रोजगार दिया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत व्यापारियों को अरबों रुपए का लोन देकर उनके व्यवसाय को प्रगति प्रदान की, श्रम कानून का सरलीकरण कर,उद्योग हेतु माहौल तैयार किया वैश्विक नवाचार में भारत की रैंकिंग तेजी से सुधरने लगी हैं।

श्री बाफना ने आगे कहा कि आज देश में व्यापार करने के लिए आगे आने वाले लघु एवं मध्यम वर्ग के लोगों को 10 लाख रुपए तक का मुद्रा लोन बिना किसी गारंटी के प्राप्त हो रहा हैं। इसी तरह गुमास्ता एक्ट समाप्त करके व्यापारियों को बड़ी राहत प्रादन की गई हैं, देश में इंस्पेक्टर राज की समाप्ति करके मोदी जी ने व्यापारियों को बड़ी सुविधा प्रदान किए हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ट भाजपा नेता खूबचन्द पारख ने मोदी जी की लोकल फॉर वोकल जैसे महत्वाकांक्षी योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा की भारत को आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लोकल फॉर वोकल की महती भूमिका रहेगी हमारी निर्भरता विदेशी आयात पर जितनी काम होगी उतना ही हमारा देश आर्थिक तरक्की करेगा, लोकल फॉर वोकल से देश के भीतर करोड़ों लोगों को रोजगार मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी मोदी जी द्वारा लागू किए गए पथ प्रदर्शन और आर्थिक सुधारो पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि मोदी जी ने देश के विकास में व्यापारियों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए सदैव ही उनके हित में योजनाओं का क्रियान्वयन किया है उन्होंने बताया कि वित्तीय समावेशन एमएसएमई और कौशल विकास के लिए वित्त पोषण चैनल मोदी जी के कार्यकाल में ही तैयार हुआ जिसके कारण पारदर्शी नीलामी प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का उचित दोहन भी हुआ है उन्होंने कहा कि आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बड़ा है और इसका कारण स्वदेशी निर्माण में भारत ने तेजी से प्रगति की है लघु उद्योग और छोटे-छोटे व्यवसाईयों को मोदी जी ने बैंकों के माध्यम से लोन देकर एवं सब्सिडी देकर उन पर भरोसा किया है, जिसके कारण भारत का व्यापार तेजी से बढ़ा है। सम्मेलन को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखीजा ने संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सदैव व्यापारियों के दुख दर्द को समझते हुए उनके लिए हमेशा साथ खड़ी हैं, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा की कतिपय राजनैतिक पार्टियां भाजपा को व्यापारिक पार्टी कहती है जो सत्य नहीं हैं, भाजपा हर उस वर्ग के साथ हैं, जो देश के आर्थिक विकास मे अपना योगदान दे रहें हैं, इस दौरान व्यापारिक नेता उत्तम गिड़िया ने कहा कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिले के व्यापारियों की हर समस्या का समाधान करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमित जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, प्रकाश चौरडिया, दिनेश सोनी, सुषमा कोठारी, शशिकांत द्विवेदी, श्रीमती गीता घासी साहू, मोहन जैन एवं उमाकांत मिश्रा सहित अनेक व्यापारीगण उपस्थित थे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आलेसुर खरोरा में संपन्न हुआ

राजनांदगांव (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड रायपुर एवं श्री राम पैथोलॉजिक लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंतर्गत 07 अप्रैल को सुबह 9 बजे से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आलेसुर खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में संपन्न हुआ। जिसमें बीपी शुगर एण्ड फुल बॉडी चेकअप आदि की विशेष जांच किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि करण बघेल (सरपंच) आलेसुर खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) में और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा कर लाभ लिया।

अनमोल दावा

कोई भी काम तब तक ही असंभव लगता है जब तक की उसको किया नहीं जाता ।

सम्पादकीय

जमीनी हालात एनडीए के अनुकूल नहीं

लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के इतना कुछ करने के बावजूद बिहार में अब भी उम्मीद है। जमीनी हालात एनडीए के अनुकूल नहीं दिख रहे हैं। नरेंद्र मोदी की लहर या अयोध्या की राम लहर का ज्यादा असर नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि मतदाता किसी लहर से प्रभावित होकर या भावनात्मक मुद्दे के असर में वोट डालने की मंशा नहीं जाहिर कर रहे हैं।

ध्यान रहे पिछली बार के चुनाव में राज्य की 40 में से 39 सीटें एनडीए को मिली थीं। भाजपा 17 सीटों पर लड़ी थी और सभी सीटों पर जीती थी। एक सीट सिर्फ नीतीश की पार्टी हारी थी। रामविलास पासवान की पार्टी भी अपने कोटे की छह सीटों पर जीत गई थी। इस बार हर कोई मान रहा है कि सीटें कम होंगी। जनता दल यू को ज्यादा नुकसान की संभावना जताई जा रही है। इसका कारण यह भी है कि इस बार भाजपा को रोकने के विपक्षी अभियान की शुरुआत बिहार से ही हुई थी।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ विपक्षी गठबंधन बनाने के जब प्रयास शुरू हुए तो सबसे पहले बिहार के ही नेताओं ने कहा था कि अगर 50 सीटें कम कर दी जाएं तो मोदी सरकार बहुमत गंवा देगी। तब नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा था कि यह तो नंबर का खेल है और इस बार विपक्ष मोदी के नंबर्स कम कर देगा। उसके बाद ही आंकड़ों के खेल शुरू हुआ कि कहां से कितनी सीटें कम हो सकती हैं। नंबर्स के इस खेल में बिहार हमेशा अहम रहा। बिहार के अलावा बड़े राज्यों में कर्नाटक और महाराष्ट्र में भाजपा के नंबर्स कम होने की संभावना तभी से देखी जा रही है।

भाजपा और नरेंद्र मोदी को हरा कर सत्ता से बाहर कर देने के बरक्स यह एक दूसरा नैरेटिव था कि उसकी 40-50 सीटें कम कर दी जाएं। यह नैरेटिव बनने के बाद मोदी को समझ में आया कि ऐसा हो सकता है। तभी सबसे पहले यह सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले नीतीश कुमार को तोड़ने का प्रयास शुरू हुआ।

उनकी पार्टी के नेताओं पर दबाव डाल कर या करीबी कारोबारियों पर कार्रवाई के जरिए भाजपा कामयाब हो गई। उसने नीतीश को फिर से गठबंधन में शामिल कर लिया। लेकिन इस बार नीतीश के पाला बदलने का बहुत सकारात्मक असर नहीं दिखा। लोगों में नाराजगी दिखी। भाजपा के अपने काडर में भी नीतीश को लेकर दूरी का भाव है। तभी एनडीए में तालमेल पहले जैसा नहीं है।

भाजपा बनाम जदयू और जदयू बनाम लोजपा की लड़ाई में कई सीटों पर भितरघात है। कहीं भाजपा के सवर्ण मतदाता नीतीश के उम्मीदवारों को हराने का दम भर रहे हैं तो कहीं जदयू के कोर मतदाता इस बार चिराग पासवान से 2020 के विधानसभा चुनाव का बदला निकालना चाहते हैं तो कहीं चिराग के मतदाता नीतीश के उम्मीदवारों को हराने का संकल्प जाहिर कर रहे हैं।

असल में 2020 में चिराग पासवान ने भाजपा का समर्थन किया था और नीतीश के हर उम्मीदवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारा था, जिससे नीतीश की पार्टी सिर्फ 43 सीट जीत पाई थी। बाद में नीतीश ने चिराग की पार्टी में विभाजन करा दिया था। सो, दोनों पार्टियों को कोर समर्थक एक दूसरे के खिलाफ स्टैंड लिए हुए हैं।

इस बार नीतीश जब से भाजपा के साथ लौटे हैं, तब से भाजपा के इकोसिस्टम से ही उनके ऊपर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं। बिहार के लोग यह भी देख रहे हैं कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी पगड़ी नहीं खोली है। उन्होंने यह पगड़ी इस संकल्प के साथ बांधी थी कि नीतीश को सत्ता से हटा कर ही इसे खोलेंगे। इससे भी भाजपा और जदयू दोनों के समर्थकों में कंफ्यूजन है।

विपक्ष की एकता और राहुल की विश्वसनीयता

शकील अख्तर

यह कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह अपने सबसे विश्वसनीय, साहसी, अथकपरिश्रम करने वाले राहुल गांधी को वह साथ नहीं देती है जो उसे देना चाहिए। कांग्रेसियों को यह समझना चाहिए कि विपक्ष राहुल की विश्वसनीयता की वजह से ही एक गठबंधन में आने के लिए राज़ी हुआ। विपक्ष की एकता और राहुल की विश्वसनीयता इस चुनाव में सबसे बड़ी ताकत हैं। मोदी और हैटट्रिक के बीच बड़ी दीवार!

यह चुनाव कांग्रेस हारे या जीते राहुल गांधी एक मजबूत नेता के तौर पर स्थापितहो गए हैं। अब यह सवाल खत्म हो गया कि राहुल राजनीति में रहेंगे या नहींया उन्हें रहना चाहिए या नहीं राहुल एक स्वाभाविक नेता की तरह पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।उन्हीं की मेहनत, हिम्मत, घुटने के असहनीय दर्द के बाद भी दो-दो भारतयात्राओं ने ही विपक्ष को जोड़ा। ममता बनर्जी जो बार बार छिटक रही थीं,बंगाल में कांग्रेस को सीट देने से इनकार कर दिया वे भी दिल्ली कीरामलीला मैदान की रैली में अपनी पार्टी के नेताओं को पहुंचाती हैं औरकहती हैं कि मैं इन्डिया गठबंधन के साथ हूं।

यह सब किस की वजह से राहुल के बन गए प्रभामंडल की वजह से! कोई माने या न माने आज की तारीख में राहुल भारतीय राजनीति के ऐसे चेहरे बन गए हैं जिनके इर्द गिर्द यह पूरा चुनाव होने वाला है। भाजपा ने हजारों करोड़ रूपया राहुल की छवि खराब करने के लिए ऐसे ही नहीं लगाया! उन्हें राजनीति की समझ है। आज भी प्रधानमंत्री मोदी अगर बार बारवंशवाद की बात करते हैं तो ऐसे ही नहीं करते। वे जानते है कि राहुल गांधी ही एकमात्र ऐसे विरोधी नेता हैं जिनकी वजह से कांग्रेस एक बनी हुई है और जो विपक्ष को भी खींच कर एकजुट कर सकते हैं। और भाजपा, मोदी का आकलन सही निकला भी।

अब विपक्षी एकता बन गई है। कल तक किसी को यकीन नहीं था। आज भी विश्वास नहींहोता था। मगर यह सच है। और दिल्ली के रामलीला मैदान की मीटिंग के बाद लगताहै कि विपक्ष मोदी के सामने दीवार बनकर खड़ा हो गया।

यह मजबूत दीवार राहुल ने ही बनाई है। और इसे भेदना इस बार नरेंद्र मोदी के लिएमुश्किल हो रहा है। इसलिए मोदी बार बार अपने मुद्दे बदल रहे हैं। उनकेपुराने हिन्दु मुसलमान और उग्र राष्ट्रवाद के मुद्दे इस बार बिल्कुल नहींचल रहे। इसलिए वे कभी भ्रष्टाचार और कभी पांच साल, दस साल बीस साल बादक्या करूंगा, जैसी हवा-हवाई बाते कर रहे हैं। जबकि जनता इस समय राहुल केरोजगार, मंहगाई और लोकतंत्र बचाओ के मुद्दों को सुन रही है।

यह ऐसे ही नहीं हुआ। राहुल ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। बहुत आलोचनासही है। कई बार उन्हें बुरी तरह खारिज कर दिया गया। मगर जैसे आग में तपकर सोना कुंदन हो जाता है वैसे ही राहुल हो गए।

बीस साल कम नहीं होते। उनकी हर तरह की परिक्षाएं ली गईं। और यह काम तोखुद कांग्रेसियों ने किया। राहुल का विरोध उनके रास्ते में बाधाएं खड़ीकरना उनके खिलाफ अफवाहें फैलाकर उनका चरित्रहनन करना जितना भाजपा और संघपरिवार ने किया उससे कम कांग्रेसियों ने नहीं किया। आखिर 2019 में राहुलको कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना ही पड़ा था! और उस पर भीकांग्रेसियों को चैन नहीं आया तो जी 23 के नाम से एक गिरोह बनाकर उन्हेंकांग्रेस से ही बाहर करने का षडयंत्र रचा था।

भाजपा करे। मोदी जी करें तो समझ में आता है। उन्हें लगता है कि जब तकराहुल या गांधी नेहरू परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस में है कांग्रेस खतमनहीं होगी। लेकिन अगर गांधी नेहरू परिवार कांग्रेस से हट जाए या राजनीतिसे हट जाए तो कांग्रेस को वे गाजर मूली की तरह उखाड़ फेंकेंगे।

उनको यह लगना सही भी है। परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस में न रहने परकांग्रेस कितने टुकड़े हो जाएगी कहना मुश्किल है। और केवल कांग्रेस ही खत्म नहीं होगी विपक्ष की राजनीति भी छिन्न भिन्न हो जाएगी। देश में कोईदूसरा राष्ट्रीय दल नहीं होगा। राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी का अकेला साम्राज्य होगा। और मोदी जी चक्रवर्ति सम्राट! लगता है कांग्रेस को इसमें ज्यादा आपत्ति नहीं होगी।

विपक्ष के दूसरे दलों को भी नहीं उन्हें अपने विस्तार की संभावनाएं दिखाई देंगी। थोड़ी भाजपा नेताओं को होगी क्योंकि मोदी को कोई चुनौती न होने के बाद उनका अस्तित्व और कमजोर हो जाएगा। अभी वैसे ही भाजपा का कोई नेता अपना कोईसम्मान या महत्व नहीं रखता है। और जब मोदी जी के लिए कोई चुनौती ही नहींबचेगी तो फिर भाजपा नेता बिल्कुल ही महत्वहीन हो जाएंगे।

किसी के बदल भीकोई भी बिठाया जा सकता है। आज राजनाथ सिंह और गडकरी को टिकट मिल गया।लेकिन जैसा कि एक आकलन हम बता रहे हैं उसके बाद राजनाथ या गडकरी, डाहर्षवर्धन और विजय गोयल की श्रेणी में चले जाएंगे।

लेकिन इस पर केवल आपत्ति नहीं अस्वीकार्य होगा भारत की जनता को। देश की गरीब आमजनता को। गांधी नेहरू परिवार का कोई सदस्य कांग्रेस में न होना तो जनता कोअनाथ कर जाएगा। बेसहारा। यह कोई वंशवाद नहीं है। आम जनता की दुःख तकलीफों के साथ अगर कोई सबसे ज्यादा खड़ा हुआ है तो वह यही परिवार है।

मोतीलाल नेहरू से लेकर आज राहुलतक और किसने इतने संघर्ष किए हैं त्याग, बलिदान किया। दो दो सदस्य देश कीएकता और अखंडता के लिए शहीद हुए। इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी जैसी कुर्बानियां कोई दे सकता है यहां तो आज के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान आंदोलन में यह कहते हुए आते हैं कि कह देना अपने मुख्यमंत्री सेजिन्दा वापस जा रहा हूं! किसानों से ऐसा डर!

तो भारत की जनता नेहरू-गांधी परिवार से प्यार करती है तो नाराज भी होती है। उसे हकहै इसका। इन्दिरा गांधी से भी हुई थी। उन्हें हराया। फिर वापस भी लाई।ऐसे ही 2014 और 2019 में हराया। और अगर उसे लगेगा कि फिर उसे परिवार केगरीब समर्थक रवैये की, बेरोजगार को रोजगार देने का वादा करने वाले राहुल की, महंगाई के खिलाफ लड़ने वाले की, उसके बच्चों के लिए सरकारी शिक्षा देने वाले की, उसके लिए सरकारी इलाज का इतंजाम करने वाले की जरूरत है तोवह राहुल को लाएगी। राहुल की मेहनत और धैर्य सफल होगा।

लोकतंत्र की यही खूबी है। जनता चाहती है तो वापस भी लाती है। वह वंशवाद,परिवार इन सब नकली मुद्दों पर यकीन नहीं रखती। वंशवाद क्या क्या इस आरोपके कारण राहुल जनता के दुःख दर्द सुनना बंद कर दें ठीक है तो और कौनसुन रहा है अग्निवीरों का दर्द राहुल ने उठाया ना! उसी के बादर क्षामंत्री राजनाथ सिंह को ठीक चुनाव में कहने पर मजबूर होना पड़ा किजीत गए तो इस समस्या पर विचार करेंगे। अभी तक तो मान ही नहीं रहे थे। और फिर यह युवाओं को पूछना चाहिए कि जीत गए से क्या मतलब आज और अभी इसयोजना को निरस्त करने की घोषणा करो। क्या हो जाएगा। आपकी पार्टी पर कौनसी आचार संहिता लगती है

तो यह राहुल इम्पैक्ट है। राहुल ने इतने सालों में यही कमाया है कि अब उनकी बोली हुई कोई बात खाली नहीं जा रही है। यह कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि वह अपने सबसे विश्वसनीय, साहसी, अथक परिश्रम करने वाले राहुल गांधी को वह साथ नहीं देती है जो उसे देना चाहिए।कांग्रेसियों को यह समझना चाहिए कि विपक्ष राहुल की विश्वसनीयता की वजहसे ही एक गठबंधन में आने के लिए राज़ी हुआ।विपक्ष की एकता और राहुल की विश्वसनीयता इस चुनाव में सबसे बड़ी ताकतहैं। मोदी और हैटट्रिक के बीच बड़ी दीवार!

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 113:परशुराम जी द्वारा श्री राम को एक और धनुष उठाने की चुनौती

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

भगवान श्री राम ने उस धनुष की ओर देखा। वे मन ही मन मुस्करा उठे। यह भगवान विष्णु का धनुष है। श्री राम इसे कैसे ना पहचानते? उन्होंने कहा,- 'हां मुनिवर इस धनुष को देख रहा हूं और पहचान भी रहा हूं। यह भगवान विष्णु का प्रसिद्ध धनुष शारंग है।'

'अब अगर तुम सचमुच वीर हो तो इस धनुष पर बाण को रखकर लक्ष्य का संधान करके बताओ। अगर तुम ऐसा कर लोगे तो मैं तुमसे द्वंद्व युद्ध के लिए तैयार हो जाऊंगा।' परशुराम जी ने कहा।

अश्रद्धा और अविश्वास मन की एक खतरनाक स्थिति होती है। कई बार सामने वाले की शक्ति और वास्तविकता का ज्ञान हो जाने पर भी मनुष्य अपनी पूर्व धारणाओं के कारण इसे स्वीकार नहीं करता। वही स्थिति परशुराम जी की है। वे भगवान विष्णु के अवतार श्री राम के समक्ष हैं लेकिन इसका स्पष्ट

संकेत मिलने पर भी वे इसे स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

परशुराम जी ने स्वयं अपने आप से कहा, 'राम त्रेता युग के उद्धारक है या नहीं इसका निर्णय इस वैष्णव धनुष से हो जाएगा। मैं अपने तपोबल से एक क्षण में दशरथ पुत्र राम की वास्तविकता ज्ञात कर सकता हूं, लेकिन यह सार्वजनिक रूप से होगा तो संपूर्ण जगत इसे देखेगा। अगर राम सफल हो जाएंगे तो मुझे सैकड़ों वर्षों के अपने निरंतर सशस्त्र अभियान के बाद थोड़ा विश्राम मिल जाएगा और अगर राम असफल हो जाएंगे तो मेरी यात्रा फिर प्रारंभ हो जाएगी, क्योंकि मुझे ज्ञात है कि आर्यावर्त के दक्षिण में लंकेश की चुनौती बढ़ रही है।'

महर्षि विश्वामित्र ने कहा, 'परशुराम जी! शिव धनुष के रूप में एक परीक्षा तो राम दे चुके हैं, अब इस वैष्णव धनुष के रूप में आप उनकी दोबारा परीक्षा लेना चाहते हैं? इसकी आवश्यकता नहीं है। एक बार पुनः विचार कर लीजिए।'

'मैने सोच विचार कर ही यह निर्णय लिया है आदरणीय, अतः आप निश्चिंत रहें।'

वर्षों पूर्व भगवान विष्णु ने परशुराम जी के ही पितामह ऋचीक मुनि को यह धनुष सौंपा था, बाद में यह धनुष परशुराम जी के पिता महर्षि जमदग्नि से होता हुआ उनके पास पहुंचा। यह एक विशेष परिस्थिति है कि अब भगवान विष्णु को अपने धनुष को ऋचीक मुनि के वंशज से ही वापस लेने की स्थिति बन रही है।

महाराज जनक चिंतित हो उठे। श्री राम वीर और क्षमतावान हैं। कहीं ऐसा न हो जाए कि श्री राम परशुराम की इच्छा के अनुसार इस धनुष का उपयोग न कर सकें और यहां उपस्थित पराजित राजा, सीता के स्वयंवर और उनके द्वारा कुमार राम के वरण को अस्वीकार किए जाने की मांग न उठा दें।

सीता जी श्री राम के पुनः सफल होने के लिए आश्वस्त हैं, लेकिन उन्हें क्षोभ है कि कुमार राम को बार-बार परीक्षा देनी पड़ रही है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

सु-दोकू क्र.020

शब्द सामर्थ्य -020

राजनीति के मैदान में फिल्मी सितारे हारते ही आये हैं

जब भी चुनावों, खासकर लोकसभा चुनाव, की तारीखें घोषित होती हैं, अपनी चमक खो चुके बॉलीवुड के सितारे अचानक राजनीति के फलक पर जगमगाने लग जाते हैं। लेकिन इन फिल्मी सितारों का राजनीतिक रोल सीमित ही रहा है। भले ही उन्होंने चुनाव जीत लिया हो लेकिन राजनीति के मैदान में वो हारते ही आये हैं।

18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के डेब्यू और गोविंदा की वापसी ने इस पुराने, लेकिन दिलचस्प विषय को फिर से चर्चा में ला दिया है। फिर से उन्हीं प्रश्नों को पुनर्जीवित कर दिया है, जो हर बार सितारों को चुनाव लड़ते देखकर उछाले जाते हैं।

मसलन, फिल्मी सितारे राजनीति में क्यों आते हैं, जबकि समाज सेवा तो वे राजनीति में आए बिना भी कर सकते हैं। उन्हें खुद पर इतना भरोसा क्यों होता है कि जनता उन्हें जिताएगी ही पार्टियॉं अपने वर्षों पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर सितारों को क्यों चुनाव मैदान में उतारती हैं ज्यादातर फिल्मी सितारे जीतने के बाद अपने मतदाताओं के लिए कुछ नहीं करते। क्या यह देश के कीमती संसाधनों और इनसे भी कीमती जनता के मतों की बर्बादी नहीं है चुनाव क्षेत्रों में लौटकर कभी न जाने के बावजूद पार्टियॉं उन्हें फिर से उसी क्षेत्र में चुनाव लड़ने भेजने की हिम्मत और हौसला कैसे जुटा पाती हैं ऐसे और भी कई प्रश्न हो सकते हैं, जिनके जवाब खोजना कोई मुश्किल नहीं है। लेकिन, इससे पहले हमें एक बात को स्वीकार करना होगा कि यह भी उन विषयों में से एक है, जिनका सामान्यीकरण नहीं किया जा सकता।

अभी तक मतदाताओं द्वारा सितारों को चुनकर भेजने का जो रुझान रहा है, उसमें यही देखा गया है कि ज्यादातर वे सितारे चुनाव जीतते आए हैं, जो सत्तारुढ़ दल की ओर से चुनाव लड़े होते हैं। इनमें भी अधिकतर ऐसे सितारे होते हैं, जिनका राजनीति या समाजसेवा में अनुभव लगभग शून्य ही होता है। इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने की इच्छा के वशीभूत होकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब ये सितारे प्रशंसकों से मतदाता बनने वाली अपने क्षेत्र की जनता को अपने कार्य से संतुष्ट कर पाए हों। अपनी छवि और सामाजिक कार्यों के बूते पर पॉंच बार लोकसभा चुनाव जीतने वाले बालीवुड के स्टार सुनील दत्त जैसे कलाकार अपवाद ही होंगे, जिन्हें राजनीति बहुत रास आई। वर्ना अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। इस वजह से कुछ दोबारा टिकट पाने में नाकाम रहे तो कुछ अपनी जीत को दोहराने में। अमिताभ बच्चन और धर्मेन्द्र जैसे कुछ कलाकार ऐसे भी थे, जिन्होंने राजनीति से मोहभंग होने की बात कहते हुए संन्यास ले लिया। वैसे भी वास्तविक जीवन में हीरो बनना सेट पर हीरो बनने जितना आसान नहीं होता। 2004 में कॉन्ग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा में सीट हासिल करने वाले गोविंदा न तो अपने मतदाताओं को नजर आते थे और न लोकसभा में। उन्होंने चार साल बाद सांसदी से इस्तीफा दे दिया। अपने लोकसभा क्षेत्र और लोकसभा में बहुत कम दिखाई देने वाले एक और कलाकार सनी देओल भी हैं, जो पंजाब के गुरदासपुर से सांसद हैं। उनकी राजनीति में असफलता के कारण ही इस बार भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया है। सन्नी देओल उसी सीट से सांसद थे जिससे दिवंगत विनोद खन्ना चार बार सांसद चुने गए थे। चुनाव क्षेत्र में न जाने के आरोप उन पर भी लगते थे, लेकिन उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनने और हल करने के लिए अपने लोगों की टीम बनाई हुई थी। यह टीम व्यवस्थित ढंग से अपना काम करते हुए उनकी जीत की संभावनाओं को बचाए रखती थीं। राजनीति को रास आने वाले मौजूदा कलाकारों में शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और स्मृति ईरानी का नाम भी प्रमुखता से लिया जा सकता है। लेकिन, देखा जाए तो फिल्मों से राजनीति में जाने वाला फिल्म जगत का कोई भी सितारा पॉलिटिकल स्टारडम की उन ऊंचाईयों को नहीं छू पाया है, जिन पर दक्षिण के सितारे दशकों तक विराजमान रहे। चाहे वह एनटीआर हों, जयललिता हों या एम. जी. रामचंद्रन। इन्होंने अभिनेता के तौर पर भी लोगों के दिलों पर राज किया और राजनेता के रूप में भी। शत्रुघ्न सिन्हा ने ऐसी आकांक्षा जरूर पाली थी, लेकिन बेल परवान नहीं चढ़ पाई। बार-बार संसद में पहुँचने में वे अवश्य सफल रहे हैं। कुछेक अपवादों को छोड़कर, सितारों का राजनीति या समाज में कोई बहुत खास योगदान नहीं रहा है। इसके बावजूद पार्टियां उन पर दांव लगाती हैं, तो यह अकारण नहीं होता। पहले कहा जाता था कि वे सितारों की लोकप्रियता को भुनाकर अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें मैदान-ए-जंग में उतारती हैं।

राशिफल

मेष
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। करियर को लेकर आज आप टेंशन में रहेंगे, लेकिन अपने दिमाग से काम करने से आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए, समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा।

वृषभ
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों को लेकर आप ज्यादा ही भावुक हो जाएंगे।

मिथुन
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नए सामान की खरीदारी करेंगे। आज आप जीवनसाथी की तरक्की से खुश होंगे। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बन रहे हैं। आज आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे।

कर्क
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज परिवार कासहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दाम्पत्य रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। कॉमर्स स्टूडेंट्स के लिए दिन फायदेमंद रहने वाला है।

सिंह
आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आप आस-पास के लोगों के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे। आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने की उम्मीद है, जिसकी आपको हेल्प करने का अवसर मिलेगा।

कन्या
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको कोई नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

तुला
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आपका किसी यात्रा पर जाने का योग बन रहा है,जिससे आपको लाभ भी होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। आध्यात्म की तरफ आपका रुझान अधिक रहेगा।

वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज रुके काम में किसी की मदद मिलने से काम पूरा हो जाएगा लेकिन आपको यह देखकर अच्छा नहीं लगेगा कि आपके काम में किसी अन्य व्यक्ति का हस्तक्षेप हो। इसलिए अपना काम करते समय मन एकाग्र रखेंगे तो काम आसानी से व बिना किसी बाधा के पूरा हो जाएगा।

धनु
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज खुद की गलती की जिम्मेदारी न लेने से आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे। समस्याओं के लिए दूसरों लोगों को जिम्मेदार मानने से आपके रिश्तों में दरार आ सकती है। खुद में सुधार लाएं।

मकर
आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आपका किसी के प्रति अधिक आत्मविश्वास से नुकसान हो सकता है। इससे आपके पारिवारिक संबंध खराब हो सकते हैं। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे आपको अन्य लोगों का साथ भी मिलेगा।

कुंभ
आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबारी संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है, इससे आपको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी।

मीन
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी। मानसिक रूप से जिन लोगों के साथ कोई परेशानी है, उसे दूर करने का उपाय मिलेगा और मैडिटेशन की रूटीन भी अपनाएंगे।

सामाजिक मजबूती हेतु अपनी संस्कृति को बचाए रखना जरूरी - कमल किशोर साहू

डोंगरगांव (दावा)। तहसील साहू संघ डोंगरगांव, नगर साहू संघ डोंगरगांव व ग्राम साहू समाज मटिया के संयुक्त तत्वाधान में समाज के कुलदेवी भक्त माता कर्मा की तहसील स्तरीय जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ कर्मा भवन मटिया डोंगरगांव मे मनाया गया। कार्यक्रम में भोलाराम साहू विधायक खुज्जी, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्षद्वय श्रीमती नीरा साहू व शैलेंद्र साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संध्या साहू, पार्षद रुखमणी साहू व डिकेश साहू, समाजसेवी कौशल राम साहू बतौर अतिथि सम्मलित हुए। कार्यक्रम में पीडी साहू, मोहनीश साहू जनपद सभापति, भुवाल साहू उप कोषाध्यक्ष, डॉ.नरेंद्र साहू, अंजोर सिंह साहू, महेश्वर साहू भी मौजूद रहे। प्रमुख अतिथि के रूप में सम्मिलित जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज मजबूत तब होगा जब हम अपने समाज की संस्कृति को बचाए रखें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष श्रीमती नीरा साहू ने महिलाओं को समाज में सहभागिता निभाने का आव्हान किया। जिला के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने भक्त माता कर्मा के जीवन में संघर्ष व उनकी भक्ति मार्ग को स्मरण कर अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा। कार्यक्रम को नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संध्या साहू पार्षद डिकेश साहू व रुक्मणी साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां कर्मा की मंदिर में पूजा अर्चना के साथ हुई तत्पश्चात मां कर्मा की शोभायात्रा मंदिर से निकलकर मटिया वार्ड का भ्रमण करते हुए पुराना बस स्टैंड, राजीव गांधी चौक साकेत धाम होते हुए कार्यक्रम स्थल कर्मा भवन पहुंची, शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर में कलश लेकर मां कर्मा की भजन पर कड़कती धूप के बावजूद पूरे उत्साह के साथ थिरक रहे थे। शोभायात्रा में जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, नगर अध्यक्ष कौशल साहू, सचिव नारायण साहू, मटिया अध्यक्ष नामदेव साहू, सचिव पुरुषोत्तम साहू, लविंद्र साव, पुरुषोत्तम साहू, धर्मेंद्र साहू, इन्दु साहू, एलन साहू, पूर्णिमा साहू, जागेश्वर साहू, गिरधर साहू विसनाथ साहू, युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष लोकेश साहू जिला संगठन सचिव महेंद्र साहू, जनपद सभापति मोहनीश साहू आदि सहित बडी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व सामाजिकजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठों व प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण का पठन नामदेव साहू, कौशल कुमार व हेमंत साहू ने किया आभार प्रदर्शन नगर सचिव नारायण साहू व पुरुषोत्तम साहू सचिव मटिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन लविंद्र साव, धनराज साहू व एन.डी.साहू ने किया।

नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी में गंदगी का आलम

बजबजा रही नालियों की महीनों से नही हो रही सफाई

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी में गंदगी का आलम इस प्रकार है, की जगह-जगह कूड़े का ढेर नजर आता है, जिसे आवारा पशु खाने को मजबूर है, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकला कचरा नगर की सुंदरता में कलंक का काम कर रहा है, नगर पंचायत के अधिकारी व जनप्रतिनिधि आंखे खोल कर सोए है, नगर की समस्या इन्हें दिखाई नही देती, कही नालियां बजबजा रही है, महिनों से नालियों की सफाई नही हुई, तो कही कूड़े का ढेर दिखाई पड़ता है जिसे आवारा पशु खाने को मजबूर है, ना जाने कब अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की नींद खुलेगी। प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित नगर पंचायत आज स्वच्छ भारत अभियान में रोड़ा बन रहा है। बजबजाती नालियों एवं कूड़े के ढेर से मच्छर, मक्खियाँ पैदा हो रही है जिससे बीमारियां फैलने की संभावना बनी हुई है। नगर पंचायत की लापरवाही कही इस मौसम में नगर वासियों के लिए भारी ना पड़ जाए।

पहला कॉलम...

माहिर सिद्धिकी बने जिलाध्यक्ष

अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के जिलाध्यक्ष पद पर अब्दुल माहिर सिद्धिकी (सहायक शिक्षक) जो की अंबागढ़ चौकी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कुदुरघोडा में पदस्थ है उन्हें नियुक्त किया। अब्दुल माहिर सिद्धिकी ने प्रदेश अध्यक्ष केदार जैन को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शिक्षकों के हित के लिए सदैव समर्पित रहने की बात कही। सभी शिक्षक साथियों ने माहिर सिद्धिकी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आज बछेराभाठा में मां कर्मा जयंती

डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय साहू समाज बछेराभाठा के द्वारा आयोजित संत शिरोमणि भक्तमाता कर्मा जयंती के अवसर पर 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत बछेराभाठा में मां कर्मा जयंती की पूजा एवं आराधना किया जायेगा। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में एवं साथ ही तहसील एवं बेलगांव मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अवसर पर ग्रामवासियों के लिये प्रसादी के रूप में भंडारा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी साहू समाज ग्राम बछेराभाठा के कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू के द्वारा दिया गया।

भाट समाज की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाट समाज का आवश्यक बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन ग्राम कोदवा जिला बलौदा बाजार में संपन्न हुआ। होली मिलन समारोह में सामाजिक बन्धुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की एवं चैत्र नवरात्रि की अग्रिम बधाई प्रेषित किया एवं भाट समाज की उन्नति एवं सामाजिक मजबूती के लिए भाट समाज संगठित होकर एक दूसरे को सहयोग के लिए तत्पर होकर कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है एवं अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से संगठन मंत्री व जिला शहर भाट समाज अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट, छविराम अध्यक्ष, रामखिलावन भाट कोषाध्यक्ष, जीवराखन भट्ट, सचिव सोनू भाट सहित सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल लोधी परिवार से मिलने पहुचे विष्णु निवास

डोंगरगढ़ (दावा)। लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष व लोधी ट्रेवल्स एवं लोधी पेट्रोलियम के संचालक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी व उनके परिवार से सौजन्य मिलने राजनांदगांव लोकसभा के उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल विष्णु निवास पहुंचे।

परिवार के वरिष्ठ सीपर राम लोधी लम्बे समय से कांग्रेस में अपनी सेवाएं देते आए हैं और शिवेंद्र बहादुर के साथ काम किए हैं। श्री बघेल के साथ शामिल गणमान्य जनो में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, किसान विग के जिला अध्यक्ष मदन साहू, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, संध्या देश पाण्डेय, पंकज बांधवा, निखिल द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष हिरा सोनी, ब्लाक अध्यक्ष सुरेश सिंहा, शहर अध्यक्ष विजय राज सिंह, सेक्टर प्रभारी रमेश उइके, पूर्व जनपद अध्यक्ष गोविंद टंडन, शिशुपाल पाल भारतीय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के लोग भी बड़ी संख्या में कांगेसजन शामिल रहे।

रायपुर में अगरबत्ती फैक्ट्री में लगी आग, 1 घंटे से तक धधकती रही आग

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर में पीएसपीडीसीएल के अग्निकांड के बाद रविवार को एक अगरबत्ती फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। मौके पर पुलिस की टीम रवाना हो गई है। बताया जा रहा है कि 1 घंटे से आग धधक रही थी, जिसे बुझा लिया गया है। पूरा मामला खमतराई थाना अंतर्गत उरकुरा का है। बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची।

जिले में अब प्री-पेड मीटर से होगी बिजली बिल की वसूली

0 विद्युत कनेक्शनों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, जल्द शुरू होगी प्रक्रिया
0 बैलेंस खत्म होते ही बिजली की सप्लाई हो जाएगी बंद

खैरागढ़ (दावा)। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जल्द ही सभी बिजली कनेक्शन में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी कर चुकी है। प्रदेश स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद खैरागढ़ जिले में मई माह से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रदेश के बड़े शहरों में यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। खैरागढ़ जिले में तकरीबन सवा लाख बिजली कनेक्शन है। विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों से मिली जानकारी अनुसार पहले चरण में स्मार्ट मीटर ट्रांसफार्मर व शासकीय कार्यालयों में लगाए जाएंगे। दूसरे चरण में घरेलू कनेक्शन और तीसरे चरण में गैर घरेलू और कर्मिशियल कनेक्शनों में प्री पैड मीटर लगाए जाएंगे। इस मीटर के लगने के बाद स्पॉट रीडिंग की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इससे स्पॉट बिलिंग का झंझट खत्म हो जाएगा। मोबाइल को रिचार्ज कराने जैसे ही बिजली बिल के लिए पहले से घर की खपत और बिल के आधार पर पहले ही रिचार्ज कराना पड़ेगा।

बिल पटाने व वसूलने का झंझट खत्म

स्मार्ट मीटर प्री-पैड होंगे मोबाइल सिम की तरह ही पहले रीचार्ज करना पड़ेगा। ऐसे में हर महीना बिजली बिल पटाने और वसूली की समस्या ही नहीं होगी। बिजली की खपत के हिसाब से पहले ही प्लान के अनुसार राशि का भुगतान करना होगा। राशि खत्म होते ही कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई रोक दी जाएगी।

कई तरह की सुविधाएं मिलेगी

स्मार्ट मीटर को मोबाइल सिम की तरह पहले रिचार्ज कराना होगा। स्मार्ट मीटर से बिजली की कही भी हो रही बिजली की चोरी आसानी से पकड़ में आ जाएगी। प्री पेड मीटर घर के अलावा संबंधित इलाके के ट्रांसफार्मर, सेक्टर, और सब स्टेशन में भी लगे होंगे। इससे पूरे इलाके की खपत एक साथ सभी जगह मिलेगी। रीडिंग अलग-अलग होने से क्षेत्र के हिसाब से चोरी को पकड़ने में आसानी होगी। इसके चलते हर माह रीडिंग व बिलिंग की जरूरत नहीं होगी, कोई बकायादार नहीं रहेंगे। राजस्व की बढ़ोतरी होगी। मीटर व बिजली खपत की जानकारी उपभोक्ता को मोबाइल ऐप से मिल जाएगी। रीचार्ज और बैलेंस संबंधी कार्य भी हो जाएंगे। लाइन लॉस में कमी आएगी। मेटेनेंस में भी आसानी होगी।

वर्सन

जिले में जल्द होगी शुरूआत स्मार्ट मीटर लगाने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। खैरागढ़ जिले में मई से प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। स्मार्ट मीटर लग जाने से बिजली चोरी और बिल की वसूली के झंझट से मुक्ति मिलेगी। - कार्यपालन अभियंता

चंद घण्टे में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

0 चोरी की नगदी रकम 65,700 रू. के साथ आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। चोरी के मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी.आर. चन्द्रा द्वारा अपने टीम के साथ घटना स्थल रवाना होकर घटना स्थल निरीक्षण कर संदेही आरोपी अखिलेश टेम्भुरकर पिता स्व. जागोराव टेम्भुरकर उम्र- 30 साल निवासी कालकापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जो डिक्की से पैसा चोरी करना एवं चोरी किये पैसा को घर अन्दर कमरा में गद्दे के अन्दर छीपाकर रखना बताने पर आरोपी के द्वारा अपने घर कमरा के गद्दे अंदर से चोरी किये नगदी रकम 65,700 रू. को निकालकर पेश करने पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

प्रार्थी सुरेन्द्र इंदुरकर पिता राधेलाल इंदुकर उम्र 35 साल निवासी भीमनगर जो थाना चौक डोंगरगढ़ स्थित कक्कड़ बजाज शो रूम में मैनेजर के पद पर काम करता है। दिनांक 06 अप्रैल को लगभग 3:00 बजे किस्त में मिले पैसे नगदी रकम 65700 रू. को अपने एविएटर स्कूटी क्रमांक- सीजी-08/एएन 2056 के डिक्की में रखकर शो-रूम से प्लेटिना वाहन का डेमो दिखाने के लिये बोरतलाब बाजार चला गया था। जहां से वापस आकर देखा तो स्कुटी की डिक्की खुली हुई थी तथा डिक्की में रखे नगदी रकम 65700 रू. डिक्की में नहीं था। शो-रूम में काम करने वाले स्टाफ से पूछताछ किया कोई पता नहीं चलने पर घटना के संबंध में अपने सेठ को बताकर आज 07 अप्रैल को एक लिखित आवेदन पेश कर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्र.-190/ 2024 धारा-379 भादवि. पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने घुमका क्षेत्र में किया जनसंपर्क

घुमका (दावा)। लोकसभा प्रत्याशी भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे ने रविवार को घुमका इलाके के घुमका सहित शलोनी, मुड़पार, उपरवाह, कलडबरी, खैरझिटी, तिलई, पदुमतरा, डोम्हाटोला, धोराभाँठा, डुमरडीहकला, बिचारपुर, चारभाँठा, गातापारकला का तूफानी दौरा कर अपने पक्ष में मत दान करने की अपील की।

इस अवसर पर जगह-जगह फूल माला व आतिशबाजी के साथ सांसद पांडे का जोशीला स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोक कला मंच के कलाकारों ने पांडे के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के माध्यम से भाजपा का प्रचार की ग्रामीणों ने लोककला मंच की प्रस्तुति को चाव से देखा व सुना।

उन्होंने इस अवसर पर मतदाताओं को केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए कहा कि देश की सुरक्षा मोदी सरकार ही कर सकती है, ऐसे लोकप्रिय मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो कमल में बटन दबा कर 400 पार सांसद का बहुमत होना चाहिए, आप सभी के आशीर्वाद की आवश्यकता है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य दिलीप पटेल एवं पांच रूप नारायण साहू के नेतृत्व में उप सरपंच राजेश वर्मा, विक्रम वर्मा, पंच दिलेश्वर वर्मा अन्य 25 लोगों ने सांसद पांडे के समक्ष भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया सांसद पांडे ने बीजेपी का कमल छाप वाले गमछा से स्वागत कर सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर राजेश श्यामकर, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी, राजेश्री साहू, मंडल अध्यक्ष जागेश्वर साहू, मोर्चा अध्यक्ष ललित साहू, परदेसी सोनबोइर, अजय सिंह, अनिल सिंह, नोमेश वर्मा, जनक साहू, संतराम नागपुरे, रेखराम साहू, नरेंद्र वर्मा, प्रमोद दुबे, दीपक वर्मा बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

भूपेश बघेल को डेढ़ लाख वोटों से हराकर वापस पाटन भेजेंगे, संस्कारधानी के मतदाता- रवि अग्रवाल

डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने एक विज्ञप्ति जारी कर दावा किया है, की आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के मतदाता डेढ़ लाख से अधिक मतों से हराकर वापस पाटन भेजेंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री बघेल पर अपने मुख्यमंत्री काल में भ्रष्टाचारियों को खुला संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए श्री अग्रवाल ने कहा है कि, पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार में जिस प्रकार लूट अत्याचार जुआ सट्टा और शराब का आतंक जनता ने खुली आंखों से देखा था, उसको संस्कारधानी की जनता आज तक नहीं भूली है। उनके द्वारा किए गए सभी कुकर्मों का फल राजनांदगांव की जनता भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को प्रचंड बहुमत से जिताकर श्री बघेल से अपना बदला लेंगी।

मोदी के नेतृत्व में देश ने ऐतिहासिक प्रगति की है वरिष्ठ जनपद सदस्य श्री अग्रवाल ने कहा है कि, देश में जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी के दस सालों में जो प्रगति और मान सम्मान बढ़ा है, गांव-गांव में केंद्र की राशि से मूलभूत सुविधा मिला है, उसे क्षेत्रीय जनता आजीवन याद रखेगी। आज गाव-गांव में पक्का घर, घर-घर शौचालय उज्ज्वला गैस सहित मुफ्त अनाज की सुविधा पाकर हर ग्रामीण का आर्थिक स्तर ऊपर उठा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय द्वारा अल्प समय में किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा है कि पिछले तीन महीने में प्रदेश की भाजपा सरकार में तीन बड़े वादे पूरे कर जनता में एक विश्वास जीता है। आज किसानों को पिछले रुके हुए दो साल का बोनस मिला और धान के अंतर की एक मुस्त राशि मिली, जिससे किसान की विष्णुदेव सरकार और मोदी सरकार के प्रति पूरा विश्वास हो चुका है। उसी तरह महिला बहनों को महतारी वंदन की राशि लगातार मिलने से महिलाओं में एक नया उत्साह का संचार हुआ महिलाओं को भूपेश सरकार और विष्णुदेव साय की सरकार की कथनी और कहनी का अंतर साफ नजर आने लगा है।

अत्याचार व गुंडागर्दी का राज खत्म पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यों की आलोचना करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा है कि एक तरफ अन्याय अत्याचार गुंडा गर्दी की पांच साल की सरकार और दूसरी तरफ सरल सौम्य स्वभाव के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार आज इन सभी बातों और कार्यों की तुलना जनता कर रही है। और लोकसभा चुनाव का परिणाम निश्चित तौर पर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में रहेगा और राजनांदगांव लोकसभा में एक नया इतिहास लिखा जायेगा।

कर्मा जयंती में भोलाराम ने कहा- महान व्यक्ति किसी एक समाज का नहीं, अपितु सम्पूर्ण समाज के लिये होता है

(राजेश मेश्राम)

जोंधरा (दावा)। प्रत्येक समाज में एक महान व्यक्ति का जन्म हुआ है। ऐसे ही हमारे तेली समाज में एक महान व्यक्ति का जन्म हुआ जिन्होंने तेली समाज को विपश्री से ऊपर उठाकर समाज में बराबरी का स्थान दिलाया वो महान विभूति भक्त माता कर्मा रही है, जिन्होंने भक्ति, शक्ति और मुक्ति का मार्ग समाज में प्रशस्त किया। उक्ताशय के उद्गार परिक्षेत्र स्तरीय ग्राम जोंधरा में आयोजित कर्मा जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि समाज को दिशा देने के लिए किसी ना किसी महापुरुष का जन्म हुआ है, लोधी समाज मे अवन्तीबाई, बौद्धसमाज में डॉ. भीमराव आम्बेडकर, देवांगन समाज में माता परमेश्वरी ऐसे कई उदाहरण है जिन्होंने अपने आपको भक्ति में तपाया, मानव समाज की सेवा की। आज हम उनकी जंयती मना रहे है। हर महान व्यक्ति इंसान ही होता है बस उनके कार्य करने का ढ़ंग सबसे अलग होता है। उन्होंने उपस्थित समुदाय को भक्त माता कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेंने की बात कही। परिक्षेत्र के संरक्षक दयालदास साहू ने कहा कि साहू समाज को भक्त माता कर्मा के बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है, जब हमे पूरी जानकारी होगी तभी हम अपने ज्ञान को दूसरी पीढ़ी में हस्तान्तरित कर पायेंगे। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा कि साहू समाज एक सभ्य समाज के रुप में पहले ही अपनी पहचान देश में बना चुका है, पर आज की आधुनिक पीढ़ी कुछ बुरे व्यसन मे फंसते जा रही है, उन्होंने समाज में चेतना जागृत करने की बात कही ताकि साहू समाज के युवाओं की शक्ति देश हित में काम आये। पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू ने कहा कि भक्त माता कर्मा का आशीर्वाद का ही परिणाम है कि साहू समाज अपने सामाजिक क्षेत्र में सुदृढ़ है। उन्होंने समाज के द्वारा समय-समय में युवाओं के कैरियर निर्माण पर आयोजित कार्यक्रम के संबध मे जानकारी दी। कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व समाज के सभी महिला एवं पुरुषों द्वारा ग्राम भक्त माता कर्मा की रैली निकाली गई साथ ही कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया।

साहू समाज ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित- ग्राम जोंधरा में आयोजित कर्मा जंयती समारोह मे सामाजिक हितों से सरोकार रखने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू, पत्रकार राजेश मेश्राम, साहू समाज के न्याय प्रकोष्ट के सुन्दरलाल साहू शिक्षक द्वारिका साहू आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में दीपक साहू, सेऊक राम, खुमानदास, अमरदास, नवल किशोर, रमेश साहू, कांतीलाल, भागवत साहू रविकुमार, दुकालुराम, देवारसिंह टेकराम साहू, गीताराम साहू, महेन्द्रकुमार साहू, गंगाधर साहू, मोतीराम साहू, नन्दकुमार साहू, रामगुलाब साहू, सम्पत साहू, बंशीराम, बृजलाल, ईश्वर, अदिल, नरसू साहू, संतोष साहू, मिथलेश साहू, टालेश्वर साहू, प्रतीम साहू एवं समस्त ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रही ।

लखनऊ की जीत में चमके यश ठाकुर, हासिल किए 5 विकेट; गुजरात की तीसरी हार

अहमदाबाद। आईपीएल 2024 का 21वां मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला गया। इस मैच को लखनऊ ने जीत लिया। इस सीजन लखनऊ की ये तीसरी जीत है। लखनऊ ने गुजरात के सामने जीत के लिए 164 रनों का लक्ष्य रखा था। जिसके जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.5 ओवर में 130 रनों पर ढेर हो गई और लखनऊ ने 33 रनों से इस मैच को जीत लिया। गुजरात की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 31 रनों की पारी खेली। इसके अलावा राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाए।

लखनऊ की शानदार गेंदबाजी

लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से इस मैच में कमाल की गेंदबाजी देखने को मिली है। खासकर जिस तरह से यश ठाकुर और ऋणाल पांड्या ने गुजरात के बल्लेबाजों को परेशान किया। यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में 30 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। इसके अलावा ऋणाल पांड्या ने 4 ओवर में महज 11 रन देकर 3 विकेट चटकाए। जिसके चलते लखनऊ ने गुजरात को महज 130 रनों पर ही रोक दिया।

लखनऊ ने बनाए थे 163 रन

इस मैच में टॉस जीतकर लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए थे। लखनऊ की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए मार्कस स्टोइनिस ने 43 गेंदों पर 58 रनों की पारी खेली थी। अपनी पारी के दौरान स्टोइनिस ने 4 चौके और 2 छक्के लगाए थे। इसके अलावा कप्तान केएल राहुल ने 33 रन बनाए थे। वहीं आयुष बदुनी ने 20 रनों का योगदान दिया था। बात अगर गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी की करे तो। उमेश यादव ने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट हासिल किए थे। तो वहीं दर्शन ने भी 2 विकेट चटकाए थे।

पहला कॉलम...

पत्नी की हत्या करके लाश के किए 224 टुकड़े, कुत्तों को भी भून दिया

लंदन। ब्रिटेन में बहुत ही खौफनाक वारदात सामने आई है। वारदात के एक साल बाद दोषी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। दोषी का नाम निकोलस मेटसन है और उसने अपनी पत्नी हॉली ब्रेमली की हत्या के बाद उसकी बॉडी को 224 टुकड़ों में काट दिया था। ये बाडी पार्ट्स उसने कुछ दिन घर पर रखे। बाद में उन्हें फेंकने के लिए दोस्त को 5 हजार रुपए दिए थे। मेटस ने वारदात के 1 साल बाद जुर्म कबूला है। इस वारदात को इस नृंशसता से अंजाम दिया गया कि हॉली के कत्ल से पहले मेटसन ने उसके पालतू जानवरों को माइक्रोवेव में भून दिया था। उसने इंटरनेट पर सर्च किया था- अगर पत्नी मर जाए तो क्या फायदे मिलेंगे। क्या मरने के बाद वो मुझे डराएगी। पुलिस को घर से खून की बदबू आई थी। इसके बाद मेटसन को गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, 24 मार्च 2023 को लिंकनशायर पुलिस को ब्रैमली की गुमशुदगी की रिपोर्ट मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मेटसन के अपार्टमेंट पहुंची. मेटसन ने उस वक्त पुलिस को बताया कि ब्रैमली ने उससे मारपीट की और वह घर छोड़कर चली गई। मेटसन ने पुलिस को बांह पर कटने का निशान भी दिखाया था।

पेलेग्रिनी ने स्लोवाकिया में राष्ट्रपति चुनाव जीता

ब्रातिस्लावा। स्लोवाक संसद के अध्यक्ष पीटर पेलेग्रिनी ने 53.12त्न वोटों के साथ स्लोवाकिया में राष्ट्रपति चुनाव जीता, उन्होंने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति का विरोध किया था। सभी मतपत्रों की गिनती के बाद रविवार को स्लोवाक सांख्यिकी कार्यालय ने यह डेटा जारी किया। उनके प्रतिद्वंद्वी, पूर्व स्लोवाक विदेश मंत्री इवान कोरकोक, जो मुखर रूप से यूक्रेन के समर्थक हैं, को 46.87त्न वोट प्राप्त हुए। गौरतलब है कि 23 मार्च को हुए पहले दौर के चुनाव में श्री कोरकोक को 42.51त्न वोट, जबकि श्री पेलेग्रिनी को 37.02त्न वोट प्राप्त हुए थे।

इजराइली सेना ने हमास के वरिष्ठ अधिकारी को उतारा मौत के घाट : प्रवक्ता

गाजा। इजराइली सेना ने घोषणा की है कि गाजा पट्टी पर उसके हवाई हमलों में हमास का एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी मारा गया है।

आईडीएफ के प्रवक्ता अविचाई अद्रई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइली रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा सेवा ने गाजा और इजराइली क्षेत्रों पर हमले की योजना बना रहे हमास के अधिकारी को मार डाला। उन्होंने बताया कि मारा गया अकरम अब्दुल रहमान हुसैन सलामा हमास में कई उच्च पदों पर था। बयान में कहा गया है कि इजराइली सेना और इजराइली क्षेत्रों पर बड़े हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए उसकी तलाश की जा रही थी।

ब्रिटेन में तूफ़ान कैथलीन के चलते दर्जनों उड़ानें रद्द

लंदन । तूफान कैथलीन यूनाइटेड किंगडम में कहर बरपा रहा है। इसके चलते ब्रिटेन की दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी गईं। एडिनबर्ग, बेलफास्ट, मैनचेस्टर और बर्मिंघम में हज़ारों यात्री फंस गए। मौसम कार्यालय ने इंग्लैंड के अलावा आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की है। बताया गया है कि ख़राब मौसम के चलते ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर प्रस्थान करने वाली और पहुंचने वाली 130 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं।

तूफान के कारण पूरे ब्रिटेन में तापमान भी बढ़ गया, जिसके रविवार तक बने रहने की आशंका है। स्कॉटलैंड में उड़ानों के अलावा रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

पर्यावरण एजेंसी ने 14 अलर्ट जारी किये हैं, जहां बाढ़ का खतरा है। मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी है कि समुद्र से उठने वाली लहरें तटों, तटीय सड़कों और मकानों तक आ सकती हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है।

गोल्डी बराड़ ने विदेश में फिर खेला खूनी खेलः भुप्पी राणा गैंग के सदस्य की बेरहमी से हत्या करवाई

न्यूयॉर्क । अमेरिका में रह रहे गैंगस्टर और भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी गोल्डी बराड़ ने रूस में गैंगस्टर भुप्पी राणा के गैंग के एक मेंबर की बेरहमी से हत्या करवाई है। गोल्डी बराड़ ने एक पोस्ट कर मर्डर की जानकारी दी। गोल्डी बराड़ ने दावा किया है कि कुख्यात गैंगस्टर भुप्पी राणा जो उसका धुर विरोधी भी है, उसने अपने गैंग के मेंबर को मुखबिर बनाकर गोल्डी के गैंग में एंट्री करवाई थी। अजय राणा नाम का शख्स गोल्डी के करीबियों के साथ घुल मिल गया और गोल्डी बराड़ समेत उसके गैंग के मेंबर्स की लोकेशन और एक्टिविटी को ट्रैक करने लगा।

दिल्ली को नॉर्त्जे का 20वां ओवर ले डूबा, शेफर्ड ने बनाए थे 32 रन, तीन हार के बाद मुंबई की पहली जीत

नई दिल्ली। पांच मैचों में चौथी हार के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर लुढ़क गई है। वहीं, लगातार तीन मैच हारने के बाद पहली जीत दर्ज कर मुंबई की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई है।

मुंबई इंडियंस ने इस सीजन की पहली जीत हासिल की है। आईपीएल 2024 के 20वें मैच में मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 234 रन बनाए थे। एक वक्त मुंबई का स्कोर 17 ओवर में चार विकेट पर 167 रन था। इसके बाद डेथ ओवर में टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई इतने विशाल स्कोर तक पहुंच पाया।

आखिरी पांच ओवर में मुंबई ने 96 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने एनरिक नॉर्त्जे के 20वें ओवर में 32 रन बनाए थे जो दिल्ली के लिए हार का कारण बना। 235 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा कर रही दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 205 रन ही बना सकी। 19वें ओवर तक दिल्ली ने 201 रन बनाए थे, जबकि मुंबई ने 202 रन बनाए थे। शेफर्ड का 32 रन निर्णायक साबित हुआ।

पांच मैचों में चौथी हार के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर लुढ़क गई है। वहीं, लगातार तीन मैच हारने के बाद पहली जीत दर्ज कर मुंबई की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई है। दिल्ली का अगला मैच 12 अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स से इकाना में है। वहीं, मुंबई की टीम 11 अप्रैल को वानखेड़े में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई की शुरुआत शानदार रही थी। रोहित और ईशान ने पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को अक्षर ने तोड़ा। उन्होंने रोहित को बोल्ड किया। रोहित ने 27 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 49 रन की पारी खेली। सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे सूर्यकुमार यादव खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। ईशान किशन 23 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान हार्दिक पांड्या 33 गेंद में 39 रन और तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने चौके-छक्कों की झड़ी लगा दी। टिम डेविड 21 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 45 रन और रोमारियो शेफर्ड 10 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली की ओर से अक्षर और नॉर्त्जे ने दो-दो विकेट लिए। हालांकि, नॉर्त्जे ने चार ओवर में 65 रन खर्च भी किए। वहीं, खलील अहमद को एक विकेट मिला।

जवाब में दिल्ली की शुरुआत खराब रही थी। डेविड वॉर्नर 10 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी निभाई। शॉ ने आईपीएल करियर का 13वां अर्धशतक लगाया। वह 40 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 66 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, पोरेल ने 31 गेंद में पांच चौके की मदद से 41 रन की पारी खेली। कप्तान ऋषभ पंत एक रन, अक्षर पटेल आठ रन और ललित यादव तीन रन बनाकर आउट हुए।

ट्रिस्टन स्टब्स ने एक छोर संभाले रखा और 25 गेंद में तीन चौके और सात छक्के की मदद से 71 रन की नाबाद पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का दूसरा अर्धशतक रहा। हालांकि, उनकी पारी बेकार गई। गेराल्ड कोएत्जी ने 20वें ओवर में ललित, कुशाग्र (0) और झाय रिचर्डसन (2) को पवेलियन भेजा। मुंबई की ओर से कोएत्जी ने चार विकेट लिए। वहीं, बुमराह ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में मात्र 22 रन दिए और दो विकेट झटके। रोमारियो शेफर्ड को एक विकेट मिला।

क्राफ्टन इंडिया के सीईओ इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

नई दिल्ली। इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी (आईडीजीएस) ने बीजीएमआई डेवलपर क्राफ्टन इंडिया के सीईओ सीन ह्यूनिल सोहन को अपना नया वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। आईडीजीएस ने कहा, वीपी के रूप में सोहन भारत में डिजिटल गेमिंग के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वह गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर समावेशिता, विविधता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों को चलाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे।

सीन ह्यूनिल सोहन ने कहा, यह भूमिका भारत में गेमिंग उद्योग के विकास में योगदान करने का एक जबरदस्त अवसर प्रस्तुत करती है। मैं इनोवेशन, समावेशिता को बढ़ावा देने और भारत में गेमिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। वह उन नीतियों की वकालत करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे जो गेमिंग उद्योग की निरंतर वृद्धि का समर्थन करती हैं और इसके सामाजिक प्रभाव को बढ़ाती हैं। आईडीजीएस के प्रेसिडेंट राजन नवानी ने कहा, स्ट्रांग बैकग्राउंड और नेतृत्व के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, सोहन गेमिंग उद्योग में एक अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। उद्योग जगत का उनका अनुभव, उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमताओं के साथ, निस्संदेह समाज की निरंतर सफलता के पीछे एक प्रेरक शक्ति होगी। आईडीजीएस का प्राथमिक लक्ष्य गेमिंग इकोसिस्टम के हितधारकों को एक साथ लाकर सहयोग, वकालत और इनोवेशन के लिए एक मंच प्रदान करना है।

माईक्रोसॉफ्ट ने चेताया, लोकसभा चुनाव में अड़ंगा डाल सकता है चीन, एआई से करेगा खेल

नई दिल्ली । इस साल दुनिया के कई प्रमुख देशों में चुनाव हो रहे हैं। इनमें भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन के हैकर्स एआई का उपयोग कर इन चुनावों को बाधित करने का प्रयास करेंगे। माइक्रोसॉफ्ट के मुताबिक चीनी हैकर्स मीम्स, वीडियो और ऑडियो के जरिए चुनवों को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। टेक दिग्गज के अनुसार, चीन मतदाताओं को विभाजित करने के लिए फर्जी सोशल मीडिया खातों का उपयोग कर रहा है। कंपनी ने एक पोस्ट में कहा, चीन ने दुनिया भर में अपने लक्ष्यों को साधने के लिए एआई-जनित सामग्री का उपयोग बढ़ा दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) से जुड़े लोगों के भ्रामक सोशल मीडिया खातों ने अमेरिकी मतदाताओं को विभाजित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर विवादास्पद सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

श्रीनी पल्लिया बने विप्रो के नए सीईओ

नई दिल्ली । आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो ने तत्काल प्रभाव से श्रीनी पल्लिया को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा, पल्लिया ने थिएरी डेलापोर्ट का स्थान लिया है, जो कार्यस्थल के बाहर जुनून को आगे बढ़ाने के लिए पद छोड़ रहे हैं।

विप्रो के अध्यक्ष ऋद प्रेमजी ने कहा, पिछले चार साल में सबसे चुनौतीपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच विप्रो में एक बड़ा बदलाव हुआ है। पल्लिया इस यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं। प्रेमजी ने कहा, उनका ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण, विकास मानसिकता, मजबूत निष्पादन फोकस और विप्रो के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें (इस भूमिका के लिए) एकदम फिट बनाती है क्योंकि हम विकास और लाभ के अगले चरण में प्रवेश कर रहे हैं।

पल्लिया न्यू जर्सी में रहेंगे और प्रेमजी को रिपोर्ट करेंगे।

ज्योतिष चमत्कार (8 अप्रैल 2024)

कल्याण

सोम	8	9	0	1
	82	96	04	12
मंगल	9	0	1	2
	98	06	14	24
बुध	0	1	2	3
	08	18	26	32
गुरू	1	2	3	4
	10	28	34	42
शुक्र	2	3	4	5
	20	36	46	56
शनि	3	4	5	6
	30	48	58	60

अंकों का बादशाह	0
सप्ताह का वरदान	9
सप्ताह में अचूक	1 4 5 6
स्पेशल	12 43 57 68

राजधानी नाईट

सोम	3	4	5	6
	31	43	53	63
मंगल	4	5	6	7
	45	57	65	71
बुध	5	6	7	8
	59	67	73	81
गुरू	6	7	8	9
	69	75	85	93
शुक्र	7	8	9	0
	79	87	97	09

अंकों का बादशाह	1
सप्ताह का वरदान	2
सप्ताह में अचूक	3 5 6 7
स्पेशल	34 58 69 70

सप्ताह में देखें

1	13	15	17	19
2	21	23	25	29
3	31	35	37	39
4	41	43	45	47
5	51	53	57	59
6	63	65	67	69
7	71	73	75	'79
8	81	85	87	89
9	91	93	95	97
0	01	03	07	09

सप्ताह में देखें

1	12	14	18	10
2	24	26	28	20
3	32	34	36	30
4	42	46	48	40
5	52	54	56	58
6	62	64	68	60
7	74	76	78	'70
8	82	84	86	80
9	92	96	98	90
0	02	04	06	08

अंक आपके पत्ते हमारे

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
128	138	148	149	140	123	160	134	234	127
245	129	238	130	230	150	250	233	379	136
489	237	490	239	357	259	278	279	225	280
290	570	670	680	456	349	458	260	270	479
344	228	355	789	339	790	449	125	126	677

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

कल्याण

39	27	39	08	28	96
59	60	27	33	66	40
XX	97	55	39	08	91
96	64	97	41	49	36

राजधानी

68	25	85	79	17	
76	13	34	56	51	
XX	18	31	83	55	
48	14	91	77	09	

2023 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -21-23-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-50-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्रथम पेज का शेष

इस्त्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का बयान

बता दें कि एक अप्रैल को गाजा हवाई हमले में अमेरिका की चैरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचन के सात सहायता कर्मियों की मौत हो गई थी। इस वजह से इस्त्राइल को अंतरराष्ट्रीय आक्रोश का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को नेतन्याहू के साथ फोन पर बातचीत की और तत्काल युद्धविराम की मांग की। 'जो हमें चोट पहुंचाएगा, हम उसे चोट पहुंचाएंगे'। इस बीच नेतन्याहू ने ईरान पर इस्त्राइल के खिलाफ कई हमलों के पीछे होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो हमें चोट पहुंचाएगा या हमें चोट पहुंचाने की योजना बनाएगा, हम उसे चोट पहुंचाएंगे। हम हर समय इस सिद्धांत पर चलते हैं।

बता दें कि सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास हवाई हमले में पूरी तरह से बर्बाद हो गया था। इस हमले में इमारत में मौजूद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड फोर्स के सीनियर कमांडर मुहम्मद रेजा जाहेदी सहित पांच लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए थे। इसके बाद से अरब देशों में इस्त्राइल के खिलाफ उबाल है। ऐसे में गाजा में युद्ध फैलने की आशंका तेज हो गई है।

गृहमंत्री कानून तोड़ते हैं तो एफआईआर नहीं,

तोड़ने की साजिश की है। इसकी बड़ी वजह सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा दिया जाने वाला प्रलोभन और भय है। हालांकि यह सच है कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं, भाजपा से सिर्फ धोखा मिलेगा। लोगों को भय दिखाकर डराया जा रहा है। एफआइआर और मुकदमा तक की धमकी दी जा रही है। इसके अलावा निगम व अन्य मंडलों में पदों देने के झूठे वादे भाजपाइ कर रहे हैं। रही बात पार्टी के भीतर वाद-विवाद की तो कार्यकर्ता अपनी बात सही मंचों पर नहीं रख रहे हैं। हमने पहले भी कार्यकर्ताओं को कहा है कि अपने बातें पार्टी व संगठन के भीतर रखें न कि सार्वजनिक मंचो पर। हमारे लिए कार्यकर्ताओं का सम्मान सबसे बड़ा है। चुनाव में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

मथुरा में मंदिरों में दर्शन का समय बदला

की ओर निकलने लगे। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की भी? का दबाव कम नहीं हुआ। महिलाएं और बुजुर्ग श्रद्धालु परेशान रहे।

भीड़ के दबाव और खींचतान के बीच से निकलने के बाद दिल्ली निवासी सलोनी (19) को मंदिर के गेट संख्या चार के पास मंदिर की परिक्रमा में चक्कर आ गए। जिसे उसकी महिला मित्र ने संभाला। शाम को बिहार के लकीसराय निवासी चिंटू (37) भीड़ के दबाव के बीच बेहोश गया, जिसे मंदिर के सुरक्षा गार्ड और स्वास्थ्य टीम भी? के बीच से निकालकर मंदिर के गेट संख्या पांच पर लाए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। करीब 15 मिनट में श्रद्धालु युवक सामान्य हो सका और वह अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ चला गया।

दस साल से नहीं मिली सफलता,

जानते हैं उनके पास क्या कमी है। वह उन खामियों को दूर करने का प्रयास करते हैं, लेकिन राहुल गांधी को लगता है कि वह सब कुछ जानते हैं।' प्रशांत किशोर ने 2019 के चुनाव में पार्टी की हार के बाद पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के राहुल के फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई नेता मानते हैं कि वे पार्टी में कोई भी फैसला निजी तौर पर नहीं ले सकते।

रियलमी 12एक्स 5जी : 2024 में फ्लिपकार्ट और रियलमी डॉट कॉम पर सबसे तेजी से बिकने वाला 5जी किलर

नई दिल्ली । 5जी स्मार्टफोन का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। कई स्मार्टफोन कंपनियां उपभोक्ताओं को किफायती कीमतों में स्मार्टफोन उपलब्ध करा रही हैं। इस बाजार में रियलमी 12एक्स 5जी एक शीर्ष दावेदार के रूप में उभरा है जो अपनी किफायती कीमत पर बाजार में अपनी अलग जगह बनाने के साथ स्मार्टफोन बाजार को नया आकार दे रहा है।

2024 में फ्लिपकार्ट और रियलमी डॉट कॉम पर शुरुआती बिक्री के दौरान 'सबसे तेजी से बिकने वाले 5जी किलर' के रूप में पहचान हासिल करते हुए, रियलमी 12एक्स 5जी ने उद्योग में अग्रणी स्मार्टफोन के रूप में अपनी जगह बना ली है। रियलमी 12एक्स 5जी के साथ, उपभोक्ता किफायती कीमत पर 5जी कनेक्टिविटी का पूरा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सेगमेंट में भारत के पहले 45 वॉट सुपरवूक चार्जर और एक शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंशन 6100 प्लस 5जी चिपसेट जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस, रियलमी 12एक्स 5जी बेहतर परफॉर्मेंस देता है।

रियलमी 12एक्स 5जी को बेहतर तरीके से डिजाइन किया गया है। यह ट्वाइलाइट पर्पल और वुडलैंड ग्रीन जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्ध है, जो उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को पूरा करता है। यह 4जीबी प्लस 128जीबी से लेकर 8जीबी प्लस 128 जीबी तक के स्टोरेज वेरिएंट के साथ आता है, जो यूजर्स की जरूरत को पूरा करता है। अपने प्रभावशाली विशिष्टताओं के अलावा, रियलमी 12एक्स 5जी की कीमत प्रतिस्पर्धी है, जो इसे उपभोक्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सुलभ बनाती है। इसके फीचर्स ने बाजार में डिवाइस की लोकप्रियता और सफलता में योगदान दिया है।

जैसे-जैसे 5जी तकनीक का विकास और विस्तार हो रहा है, रियलमी 12एक्स 5जी इसका नेतृत्व करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है, जो उपभोक्ताओं को बिना किसी समझौते के कनेक्टिविटी के भविष्य को अपनाने के लिए सशक्त बनाता है। अपने बेहतर प्रदर्शन और व्यापक उपलब्धता के साथ रियलमी 12एक्स 5जी पहले से ही एंट्री-लेवल स्मार्टफोन बाजार को फिर से परिभाषित कर रहा है और दुनिया भर में उपभोक्ताओं के लिए कनेक्टिविटी के एक नए युग का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

5जी कनेक्टिविटी वाले एंट्री-लेवल स्मार्टफोन में उछाल स्मार्टफोन बाजार के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर दर्शाता है। उन्नत तकनीक को और अधिक सुलभ बनाकर, रियलमी ने यह सुनिश्चित किया है कि रियलमी 12एक्स 5जी डिजिटल युग में युवा भारत के जुड़ने, संचार करने और सहयोग करने के तरीके को नया आकार देने की राह पर है।

जैसे-जैसे 5जी अपनाने में तेजी आ रही है, भारत के छोटे शहरों और गांवों तक इसकी पहुंच हो रही है, प्रवेश स्तर के स्मार्टफोन का भविष्य आशाजनक दिख रहा है, जो उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगा।

8 संकेत बताते हैं कि आपके शरीर में हो गई है पानी की कमी, जानें क्या करें

अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं. पानी की कमी से यूरिन इंफेक्शन से लेकर कब्ज, इनडाइजेशन, चेहरे पर पिंपल्स तक शुरू हो जाते हैं.इसकी वजह से किडनी पर भी इफेक्ट पड़ता है.

डॉक्टरों के मुताबिक, अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं. पानी की कमी से यूरिन इंफेक्शन से लेकर कब्ज, इनडाइजेशन, चेहरे पर पिंपल्स तक शुरू हो जाते हैं.

शरीर को सही ढंग से चलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की जरूरत होती है. पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है. जिससे कई तरह की प्रॉब्लम्स हो सकती हैं. इसलिए समय-समय पर सही मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए. शरीर में पानी की कमी के संकेत पहले ही मिलने लगते हैं.

अगर इन लक्षणों को समझ लिया जाए तो समय रहते डिहाइड्रेशन की समस्या को खत्म कर सकते हैं. वरना डॉक्टर के पास जाने तक की नौबत आ सकती है. जानिए शरीर में पानी की कमी के क्या संकेत दिखते हैं...

डॉक्टरों के मुताबिक, अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो कई तरह की समस्याएं बढ़ जाती हैं. पानी की कमी से यूरिन इंफेक्शन से लेकर कब्ज, इनडाइजेशन, चेहरे पर पिंपल्स तक शुरू हो जाते हैं. इसकी वजह से किडनी पर भी इफेक्ट पड़ता है. जिससे यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है.

यूरिन का रंग गाढ़ा पीला हो जाता है. पानी की कमी से शरीर में टॉक्सिन बढ़ जाती हैं, जिससे चेहरे पर पिंपल्स निकलने लगते हैं. ड्राई और बेजान स्किन, झुर्रियां भी पानी की कमी के ही संकेत हैं. पानी की कमी जब शरीर में होती है, तब आंखों के नीचे काले घेरे आने लगते हैं.

पानी की कमी से सिर में लगातार दर्द होता रहता है. मांशपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न होती है. पानी की कमी से तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है.शरीर में पानी कम होने से प्राइवेट पार्ट में खुजली या जलन होने लगती है.

अपने साथ पानी की बोतल रखें. इससे बार-बार पानी पीने की हैबिट बनेगी और शरीर में पानी की कमी पूरी होगी. हरी फल और सब्जियां ज्यादा से ज्यादा खाएं. सेब, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, खीरा, टमाटर, चुकंदर खाने में शामिल करें.

रोजाना नारियल पानी पिएं. खिचड़ी, दलिया दालें और ओट्स खाने से शरीर में पानी की कमी पूरी हो सकती है.

पटना शुक्ला को मिली प्रतिक्रिया से अनुष्का कौशिक अभिभूत

रवीना टंडन द्वारा निर्देशित पटना शुक्ला में रिंकी कुमारी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुष्का कौशिक ने कहा कि फिल्म के लिए उन्हें जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे वह अपनी आगामी परियोजनाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की भावना से उत्साहित हैं। अनुष्का, जो क्रैश कोर्स, घर वापसी और लस्ट स्टोरीज़ जैसी परियोजनाओं में अपने काम के लिए भी जानी जाती हैं, ने कहा: पटना शुक्ला कई कारणों से एक बेहद खास फिल्म रही है, न केवल इसने उत्साह बढ़ाया है मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा का एक नया पहलू पेश करना है, लेकिन मुझे व्यवसाय के कुछ सबसे अद्भुत लोगों के साथ काम करने का अवसर भी मिला। अभिनेत्री ने आगे कहा, हालांकि, जो चीज इसे सबसे खास बनाती है वह है इसकी कहानी, विषय की गंभीरता ने मुझे प्रभावित किया और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों को भी प्रभावित किया है। फिल्म और विशेष रूप से मेरे प्रदर्शन को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया अवास्तविक है। मैं अपने आगामी प्रदर्शन में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के जज्बे से उत्साहित हूं और मैं उन सभी को धन्यवाद देना पसंद करूंगा जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया है।

मानुषी छिल्लर ने ब्लैक आउटफिट में ढाया कहर, तस्वीरें देखकर फैंस हुए मदहोश

मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में मानुषी ने ब्लैक कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वे बेहद खूबसूरत लग रही हैं. उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और लाइट मेकअप किया है. तस्वीरों में उनका पोजिंग स्टाइल भी काफी कातिलाना है.मानुषी की इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है. इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। साथ ही उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपने लुक्स से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं। वहीं उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस भी अक्सर मदहोश हो जाते हैं। मानुषी छिल्लर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर को ये फोटोज पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों में लाइक्स आ गए हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं और उनकी हॉटनेस की तारीफ कर रहे हैं.

एयरहोस्टेस बन करीना-कृति-तब्बू ने किया वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, दो दिन में क्रू ने की धांसू कमाई

करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू स्टारर फिल्म क्रू दुनिया भर में ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है. फिल्म 29 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और दर्शकों को काफी पसंद आ रही है. क्रू ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि वर्ल्डवाइड भी धुआंधार कारोबार कर रही है. महज दो दिनों में फिल्म ने 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया है.

क्रू की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. जिसके मुताबिक क्रू ने पहले दिन दुनिया भर में 20.07 करोड़ रुपए कमाए थे तो वहीं दूसरे दिन 21.06 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है. यानी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के दो दिनों का कुल कलेक्शन 41.13 करोड़ रुपए हो गया है.

घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी क्रू को ऑडियंस का भरपूर प्यार मिल रहा है. यही वजह है कि फिल्म ने दो दिनों में 18.85 करोड़ रुपए की कमाई की है. राजेश कृष्णन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को बालाजी टेलीफिल्म्स, एकेएफसी और कम्युनिकेशन नेटवर्क प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले अनिल कपूर, शोभा कपूर, एकता कपूर और रिया कपूर ने प्रोड्यूस किया है.

फिल्म में करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू लीड रोल में हैं तो वहीं कपिल शर्मा, दिलजीत दोसांझ और खेसारी लाल यादव का भी अहम किरदार है. करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू ने क्रू में एयरहोस्टेस का किरदार निभाया है. ऐसी एयरहोस्टेसेस जो अपनी मिडल क्लास लाइफ से परेशान हैं और जल्दी से जल्दी अमीर होने के ख्वाब देख रही हैं. लेकिन उनको ये उम्मीद पूरी होती दिखाई नहीं दे रही और तभी उनके हाथ लगते हैं सोने के बिस्किट, जो उनकी जिंदगी ही बदल देते हैं.

बड़े मियां छोटे मियां से खूंखार विलेन पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक हुआ रिवील, अक्षय-टाइगर पर पड़ेंगा भारी

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां और छोटे मियां को लेकर फैंस काफी एक्साइडेट हैं. वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना बढ़ाने के लिए अब मेकर्स ने फिल्म से विलेन के लुक से पर्दा उठा दिया है. बता दें कि फिल्म में विलेन के किरदार को तेलुगु स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन प्ले कर रहे हैं.

फिल्म के नए पोस्टर्स को अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें पृथ्वीराज का खलनायक अवतार देखकर हर कोई जर जाए. वहीं पोस्टर्स के साथ पृथ्वीराज का वॉइस ओवर भी सुनाई देता है, जहां वह कहते हैं प्रलयम सर्वनाशम महाप्रलय... कहने का मतलब है कि प्रलय आने वाला है... इन पोस्टर्स को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा कि ये शैतान है.

आपकी भी जींस हो गई है पुरानी? तो इस उपाय से करें पुरानी जींस को एकदम नए जैसा

पुरानी जींस को कई बार लोग या तो फेंक देते हैं या किसी को दे देते हैं. लेकिन यह बहुत कम लोग जानते हैं कि इसे आप वापस से नए जैसी बना सकते हैं.

घर में रखी हर एक चीज का हम कहीं ना कहीं किसी भी काम में इस्तेमाल कर ही लेते हैं. चाहे वह चीज कितनी भी पुरानी क्यों ना हो, हम उसे एक नया मोड़ दे देते हैं. साथ ही हमारे पहने हुए कपड़े एक समय के बाद खराब होने लगते हैं या उनका रंग उड़ जाता है. खासकर जींस बेहद जल्दी पुरानी होने लगती है. ऐसे में कुछ लोग इसे फेंक देते हैं या किसी को दे देते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं पुरानी जींस को भी नया किया जा सकता है? अगर नहीं तो हम आपको कुछ आसान टिप्स के बारे में बताएंगे जिन्हें फॉलो कर आप पुरानी जींस को नई जींस बना सकते हैं.

ऐसे करें नया

पुरानी जींस को नया बनाने के लिए सबसे पहले आपको जींस की कलर पर ध्यान देना होगा अगर आपको डार्क ब्लैक जींस का कलर नया करना है तो सबसे पहले एक बर्तन में गर्म पानी डालें इसके बाद इसमें डाई कलर और आधा चम्मच नमक मिला लें. इसे अच्छी तरह से घोल लें.

फिर पुरानी जींस को इस घोल में अच्छी तरह मिला ले जिससे कलर हर जगह लग जाए. जींस को घोल के अंदर कम से कम 30 मिनट तक रखना होगा. 30 मिनट बाद जींस को निकाल कर निचोड़ लें. फिर एक बार इसे साफ पानी से धोकर सूखने के लिए डाल दें. ध्यान रहे जब भी आप जींस को सुखाएं, तो धूप वाली जगह पर इसे ना सुखाएं. हमेशा छाव मे ही सुखाएं. ध्यान रहें जींस को कलर करते वक्त सावधानी से इन टिप्स को फॉलो करें.

पैसो की होगी बचत

इन उपायों को कर आप आसानी से अपनी पुरानी जींस को वापस से इस्तेमाल कर सकते हैं. साथ ही यह आपके पैसों को बचाने में भी काफी मदद करेगी. आप नई जींस लाने के बदले उसी पैसों से कोई दूसरे कपड़े खरीद सकते हैं. इससे आपकी बचत होने के साथ कपड़ों का कलेक्शन भी बढ़ेगा.

स्टाइलिश आउटफिट पहन पूनम पांडे ने बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने लूटी महफिल

इन दिनों सोशल मीडिया पर हर तरफ पूनम पांडे की ही चर्चा है. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं. इन तस्वीरों में पूनम पांडे ने हरे रंग का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जो उनके ऊपर काफी जंच रहा है. उन्होंने अपने बाल खुले रखे हैं और लाइट मेकअप किया हुआ है. तस्वीरों में पूनम अलग-अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है. इस तस्वीर में पूनम पांडे किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। पूनम पांडे की इस अदा पर फैंस फिदा हो गए। अपनी बोल्ड अदाओं से लोगों को अपनी ओर अट्रेक्ट करने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपनी तस्वीरों से बोल्डनेस की सारी हदे पार कर रखी हैं। हालांकि इस बार भी पूनम पांडे का ये लुक हद से ज्यादा स्टाइलिश नजर आ रहा है। इन तस्वीरों पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा, आप किसी परी से कम नहीं लग रही हैं, तो वहीं दूसरे फैन ने कमेंट किया, आपका ये स्टाइलिश लुक कमाल का है.

ऐसा मत सोचें कि मैं रातों रात सेंसेशन बनी हूं: मेधा शंकर

12वीं फेल की रिलिजिंग के बाद रातों रात सेंसेशन बनने को लेकर एक्ट्रेस मेधा शंकर ने कहा कि लोग उनकी जर्नी के बारे में नहीं जानते हैं। मेधा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2019 में ब्रिटिश मिनी सीरीज बीचम हाउस से की थी। इसके बाद वह फिल्म शादीस्थान और सीरीज दिल बेकरार में नजर आईं। मेधा ने 12वीं फेल की सफलता के साथ स्टार बनने की शुरुआत को याद करते हुए कहा, मैंने 2018 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और 2020 मेरे और पूरी दुनिया के लिए बहुत मुश्किल साल था, मैं उस वक्त काफी परेशान थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं रातोंरात सेंसेशन बनी हूं, बात सिर्फ इतनी है कि लोग मेरी जर्नी के बारे में नहीं जानते... अगर रातोंरात एक शब्द है तो मेरी रातें पांच साल लंबी थीं। यह पूछे जाने पर कि इंडस्ट्री में अच्छा एक्टर बनने के लिए क्या करना पड़ता है एक्ट्रेस ने कहा, अपनी बातें सही रखें, ज्यादा न सोचें। मैं एक एक्टर के तौर पर अपनी कला को निखारने और अच्छा काम करने, साथ ही अच्छी स्क्रिप्ट के लिए हां कहने पर फोकस करने की कोशिश करती हूं।

जानिए, कैसे बर्फ के टुकड़ों से चुटकियों में साफ हो जाता है गंदे और पीले टॉयलेट पॉट

क्या आपको पता है कि बर्फ के टुकड़ों से गंदे और पीले टॉयलेट पॉट को चुटकियों में साफ किया जा सकता है आइए जानते हैं कैसे

अक्सर, घर की सफाई में सबसे ज्यादा मुश्किल होती है टॉयलेट पॉट की सफाई. पानी के कठोर धब्बे, पीलापन और गंदगी न सिर्फ दिखने में बुरे लगते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक हो सकते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके फ्रिज में रखे बर्फ के टुकड़े इस समस्या का समाधान कर सकते हैं

बर्फ के टुकड़ों का उपयोग: सबसे पहले, कुछ बर्फ के टुकड़ों को टॉयलेट पॉट में डालें. बर्फ का ठंडा तापमान पानी के कठोर धब्बों को तोड़ने में मदद करता है. वेट करें: इसके बाद, करीब 30 मिनट तक इंतजार करें. इस दौरान बर्फ पिघलकर पॉट के किनारों पर जमे गंदगी और कठोर धब्बों को हटाने में मदद करेगी.

ब्रशिंग: 30 मिनट बाद, एक टॉयलेट ब्रश का उपयोग करके हल्के से रगड़ें. आप देखेंगे कि धब्बे और गंदगी आसानी से साफ हो जाएंगे.

फ्लश करें: अंत में, पॉट को अच्छे से फ्लश करें. इससे सारी गंदगी और धब्बे बह जाएंगे, और आपका टॉयलेट पॉट नए जैसा चमकने लगेगा.

बर्फ के टुकड़े जब पिघलते हैं, तो इससे उत्पन्न होने वाला पानी धीरे-धीरे गंदगी को भिगोता है और उसे हटाने में मदद करता है. यह प्रक्रिया बिना किसी रासायनिक सफाई के गंदगी को साफ करने में सहायक होती है.

लोगों को हुनरमंद बनाकर मोदी जी ने देश की बेरोजगारी दूर की - अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए राजनांदगांव विधानसभा के चुनाव प्रभारी अभिषेक सिंह ने आज ग्रामीण क्षेत्र के अनेक ग्रामों का दौरा किया, जिसमें प्रमुख रूप से अंजोरा, देवादा, मगरलोटा, नवागांव, फुलझर, जंग्लेशर, कौरिनभाटा, बैगाटोला, फरहद, ठेकआ एवं ककरेल ग्राम पहुंचकर अपनी बात रखी, ग्राम जंगलेश्वर में जिला धोबी समाज के सम्मेलन में पहुंचे अभिषेक सिंह ने सभी समाज को निर्मल करने वाले धोबी समाज को नमन करते हुए कहा कि मेहनत और पसीना बहाकर समाज को दिशा देने वाले ऐसे श्रमवीरों लोगों का सम्मान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत राजमिस्त्री, नाई, बढ़ाई, लोहार, मूर्तिकार, सुनार एवं दरजी तथा मछली पकड़ने के जाल बनाने वाले लोगों के लिए मोदी जी ने 3 लाख रुपए तक का लोन मामूली वार्षिक ब्याज दर पर आसानी से उपलब्ध कराने का बड़ा काम किया है, उन्होंने बताया कि इसके लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन के बाद 5-7 दिनों का प्रशिक्षण होता है, तत्पश्चात पहचान कार्ड बनता है, और एक लाख का लोन तुरंत मिलता है, दूसरे चरण में बैंक के माध्यम से दो लाख का लोन और दिया जाता है। अभिषेक सिंह ने कहा कि लोगों को अपने पैर पर खड़ा कर उन्हें समर्थ बनाने का यज्ञ कार्य देश के प्रधानमंत्री कर रहे हैं, जिसके कारण देश की बेरोजगारी में कमी आई है, उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव है, जिसमें मोदी जी के कंधों को मजबूत करना हमारा दायित्व है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अभिषेक सिंह ने कहा कि मोदी जी ने महतारी वंदन योजना, किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, स्वच्छता अभियान जैसे अनेक योजनाओं के माध्यम से जन-जन का भला किया है और ऐसे सही काम करने वाले मोदी जी को 26 अप्रैल को आशीर्वाद देना है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 वर्षों से भूपेश बघेल का राज था, परंतु उन्होंने प्रधानमंत्री आवास बनाने में गरीबों का हक छीना, जिसकी पुष्टि उन्हीं के उपमुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने इस्तीफा देकर की। अभिषेक सिंह ने कहा कि देश का भविष्य मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है। मोदी की गारंटी, भाजपा की साय सरकार ने तीन माह में पूरी की है, इसलिए सभी ग्रामीण जन 26 अप्रैल को मतदान में भाग ले और सभी बूथों पर कमल खिलाएं, और लोकसभा में सबसे अधिक सक्रिय रहने वाले सांसद संतोष पांडे को भारी मतों से विजयी बनाएं।

इस दौरान प्रमुख रूप से ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, हरीश सांखला, लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, मनोज साहू, रमेश चंद्राकर, दिलेश्वर साहू हरिशंकर देशमुख, गोविंद देवांगन, संदीप साहू, मनहरण साहू, कनक दुबे, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

निगम आयुक्त गुप्ता के प्रयास से चिखली में रुका काम शुरू, वार्डवासियों ने आयुक्त का जताया आभार

राजनांदगांव(दावा)। नगर निगम के वार्ड नंबर 6 चिखली दीनदयाल कॉलोनी में पिछले 6 महीने से रुका हुआ काम शुरू हो गया है और जो बहुत जल्द पूरा हो जाएगा। शिव शक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ समिति दीनदयाल कॉलोनी के पदाधिकारी ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के सहयोग से सड़क का रुका काम शुरू हो गया है और जो संभवत आज-कल में ही पूरा हो जाएगा। इस सड़क को पूर्ण करने के लिए शिव शक्ति धर्मार्थ सेवा समिति दीनदयाल कॉलोनी चिखली लगातार प्रयास कर रहा था। आयुक्त की इस सहयोग के लिए समिति ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि रोड के रुके हुए काम के कारण क्षेत्रवासियों को आवाजाही में रोज भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समिति के इस प्रयास से क्षेत्र के नागरिक बहुत खुश है। क्षेत्र के नागरिकों ने भी आयुक्त के सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है।

आवश्यकता है
सिटी रिपोर्टर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें...
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, मो. 9300414726

हिन्दू नववर्ष पर कल शहर में निकालेगी बाइक शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 9 अप्रैल मंगलवार को हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल राजनांदगांव द्वारा शहर में बाइक शोभायात्रा द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की जाएंगी। शहर के सभी स्फूर्तः आमंत्रित सनातनी भाई एवं बहनें दोपहर 3 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से बाइक में शोभायात्रा निकालकर नए हिंदू वर्ष को रामधुन गाकर हर्षोल्लास से मनाएंगे। बाइक शोभायात्रा में रामलला के तेल चित्र के साथ डीजे के रामधुन में सामने माताएं एवं बहनें अपने दोपहिया वाहन में रहेंगी वहीं उनके पीछे पुरुष वर्ग अपने-अपने बाइक में डीजे द्वारा बजने वाले भजनों के साथ शहर वासियों को नए हिंदू वर्ष की बधाई देते हुए शहर का भ्रमण करेंगे। यह बाइक शोभायात्रा शहर का भ्रमण करते हुए वापस महावीर चौक हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां हनुमान चालीसा का पठन कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अनूप श्रीवास ने सभी सनातनी परिवारों से अनुरोध किया है कि वह अपने-अपने घरों में नव वर्ष उपलक्ष्य पर भगवा झंडा लगाकर अपनी इस गौरवशाली परंपरा का निर्वाह अवश्य करें तत्पश्चात शहर के सभी सनातनी भाई एवं बहनें रामलला के तेल चित्र के साथ आयोजित इस बाइक शोभायात्रा मैं शामिल होकर सनातनी एकता का परिचय अवश्य देवें।

विश्व हिन्दु परिषद-बजरंग दल के समस्त कार्यकर्ता उपरोक्त बाईक शोभायात्रा हेतु लगातार बैठक लेकर सभी सनातनियों से अपील कर रहे है कि वे इस बाईक शोभायात्रा में जरूर जरूर अवश्य शामिल होवें।

मौसम ने अचानक पलटा खाया : बदली-बारिश के बने माहौल

गर्मी फसल को हो सकता है नुकसान, स्वास्थ्य पर पड़ सकता है विपरित असर

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार की शाम से अचानक मौसम ने इस कदर पलटा खाया कि ऐसे लगने लगा जैसे हम फिर से बारिश के दिनों में आ गए है। रविवार की सुबह से ही बादलों के घेरे से धूप अंधेरा जैसे व्याप्त रहा। इसके पूर्व खैरागढ़ व अन्य जगहों में बारिश-पानी के हालात बने रहे जिससे मौसम में थोड़ी ठण्डकता रही। कुछ स्थानों में बूंदाबादी के भी समाचार है। मौसम में आए अचानक परिवर्तन से लोग भौचक्के है। बता दे कि पखवाड़े भर से अधिक समय तक तेज धूप व गर्मी के हालात बने रहने से जन-जीवन बूरी तरह प्रभावित हो रहा था। होली त्यौहार मनाते ही अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया था। तापमान 41 डिग्री के पार जा रहा था। ऐसे समय में यह बदली बारिश का माहौल लोगों के जीवन में थोड़ी राहत लेकर आया है। हालांकि इससे सब्जी फसलों सहित गर्मी में उगाए जाने वाले चना गेंहू सहित अन्य फसलों के प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

शनिवार को मौसम के अचानक पलटा खाने से लोग भौचक रह गए। बदली व बूंदाबादी के आसार बनते ही तेज धूप व गर्मी से जूझ रहे लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली। शनिवार को दोपहर 3 बजे तक तेज धूप निकली रही। लेकिन दिन ढलते ही मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया और आकाश में बादल छा गए। थोड़ा बूंदाबांदी भी होने लगी इससे हवा में थोड़ी ठंडकता महसूस की गई। मौसम में ठंडकता आते ही राजनांदगांव का पारा 39 डिग्री सेन्टीग्रेड पर लुढ़क आया। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

गरज-चमक के साथ बौछारे

मौसम में आए इस परिवर्तन को मौसम विभाग ने एक द्रोणिका का असांतत्य औसत समुद्र तल से 1.5 कि.मी. की ऊंचाई पर होना बताया है। जिसके चलते प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की वर्षा होने तथा गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी संभावना व्यक्त की है। मौसम विज्ञान श्री चन्द्रा ने बताया कि आकाश में बादलों का घेरा बने रहने से तथा गरज-चमक के साथ बौछारे पड़ने व अंधड़ चलने सहित ओलावृष्टि होने के कारण तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकती है।

स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

बता दे कि जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बाद अचानक मौसम के पलटा खाने से इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ेगा। वैसे भी जहां लोग सर्दी-खासी वायरल फीवर-पेट दर्द, दस्त, हाथ-पैर में दर्द व आई-फ्लू आदि संक्रामक बीमारियों के चपेट में थे। इसमें और भी इजाफा हो जाएगा। भीषण गर्मी के बीच माहौल में अचानक ठंडकता के आने से लोग कई तरह की परेशानियों के शिकार हो सकते है। वैसे भी पिछले दिनों हुई बारिश से पड़ोसी जिले के फसलों को भारी क्षति पहुंची थी। इस बार भी बारिश पानी के हालात बनने से साक-सब्जी के फसलों से लेकर गर्मी फसल प्रभावित हो सकते है। कृषि विभाग की माने तो कबीरधाम जिले से लगे केसीजी जिले के कुछ गांवों में नुकसान हुआ है। इसी तरह एमएमसी जिले के कुछ गांवों को 25 प्रतिशत तक ही नुकसान हुआ है। जिसकी रिपोर्ट भेज दी गई है। बता दे कि 33 प्रतिशत से ज्यादा नुकसान होने पर ही सहायता के प्रावधान है लेकिन मौसम ने जिस तरह पलटा खाया है और गरज चमक के साथ बारिश पानी की स्थिति बन रही है। इससे लगता है कि उसके ज्यादा प्रभावित हो सकते है।

दहमी माताजी का चालीसा पाठ व भजन संध्या 12 अप्रैल को

अग्रसेन भवन में सजेगा मातारानी का अलौकिक दरबार

राजनांदगांव (दावा)। राजस्थान के बहरोड़ के समीप दहमी ग्राम में मनसा माताजी का भव्य मंदिर लगभग 700 वर्षों से स्थापित है। इस देवी को लोग दहमी माताजी के नाम से भी जानते है।

अखंड ज्योति की जाएगी प्रज्वलित

राजनांदगांव जिले में दहमी माताजी (मनसा माताजी) को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले लगभग 100 परिवार है। रायपुर, भाटापारा, दुर्ग, डोंगरगढ़ में भी कुलदेवी के भक्त निवासरत है। कुलदेवी मनसा दहमी माता परिवार के वरिष्ठ व मुख्य सदस्यों द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष दूसरी बार राजनांदगांव शहर में कुलदेवी मनसा दहमी माता के भक्तों द्वारा सार्वजनिक रूप से कुलदेवी का चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आगामी 12 अप्रैल को दोपहर 04:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए समिति एवं भक्तों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है, अग्रसेन भवन में कुलदेवी का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया जाएगा, अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी।

चालीसा पाठ एवं भजन गायन संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध देवी भक्त निखिल-श्याम की जोड़ी द्वारा किया जायेगा। समिति ने मनसा दहमी माताजी को कुलदेवी के रूप में पूजने वाले परिवार जनों से आग्रह किया है कि इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

कांग्रेस ने लोकसभा प्रेक्षक से की भाजपा की शिकायत, कहा - आयोग करें कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में भाजपा सत्ता के मद में लगातार आचार संहिता का खुला उल्लंघन कर चुनाव को दूषित करने के कार्य में लगी हुई है, जिसके चलते राजनांदगांव लोकसभा वारूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने दस्तावेजी प्रमाण सहित लोकसभा प्रेक्षक शशि रंजन के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे एवं लोकसभा वार रूम प्रभारी जितेन्द्र मुदलियार ने प्रेक्षक को अवगत कराते बताया कि भाजपा लगातार स्वस्थ लोकतंत्र में शांतिपूर्ण निर्वाचन को अपने दुष्कृत्य के माध्यम से दूषित करने का खेल खेल रही है। साथ ही साथ राजनांदगांव के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे लगातार अपने चुनाव में भाषणों में सनातन धर्म एवं हिंदुत्व की बातें कर आपसी भाईचारा में शत्रुता फैलाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं और तो और प्रदेश भाजपा आईटी सेल लगातार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के व्यक्तित्व को विकृत करते हुए अनर्गल चित्रमय पोस्ट सोशल मीडिया में पोस्ट कर रहे हैं, जिससे सम्पूर्ण प्रदेश के कांग्रेसजनों एवं आम जनता की भावनाएं आहत हो रही है। भाजपा आईटी सेल द्वारा पोस्ट में भूपेश बघेल के हाथ में कटीले हथियार पकड़ाकर एवं एक के द्वारा वोट दे रे जैसे अपशब्दों का प्रयोग करते हुए चित्र पोस्ट किए हैं, इसमें राम मंदिर के निमंत्रण ठुकराने का भी उल्लेख है, जो घोर आपत्तिजनक है।

इसी प्रकार सांसद संतोष पांडे द्वारा अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल को हिंदुत्व विरोधी एवं धर्म विरोधी बताते वक्तव्य दिए हैं, जिससे वनांचल क्षेत्र की जनता की भावनाएं आहत हुई है और तो और भाजपा अपने सत्ता के मद में इस हद तक चूर है कि चुनावी होल्डिंग फ्लेक्स में प्रकाशक मुद्रक और कितने प्रति प्रिंट कराई गई है, इसका कहीं कोई उल्लेख न कर सिर्फ सत्ता का दुरुपयोग कर रहे है, ऐसी गंभीर स्थिति को लेकर प्रेक्षक के समक्ष फोटो एवं दस्तावेजी प्रमाण सहित शिकायत कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 125 एवं 127 (क) के तहत कार्यवाही करने की मांग की है। संपूर्ण दस्तावेजों को अवलोकन करने के पश्चात प्रेषक ने संज्ञान में लेकर विधिसम्मत कार्यवाही करने का की बात कही है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष एनी माखीजा, पूर्व पार्षद अजय राजपूत सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज मानपुर व राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र में

राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे का धूँआधार जनसम्पर्क पूरे संसदीय क्षेत्र में जारी हैं। आज 08 अप्रैल, सोमवार को वे मानपुर व राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक दौरे पर रहेंगे, इस दौरान उनके द्वारा अनेक स्थानों पर सभाएं ली जाएगी हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पांडे मोहला-मानपुर जिले में अपने अभियान की शुरुवात सुदूर खड़गाँव से करेंगे, इसके बाद वे ग्राम बोरिया, दिघवाडी, वासड़ी, घोटिया, ढोंढरी, भावसा, भरींटोला, कलडबरी, नेड़गाँव, जबकसा, कंदाडी, सीतागाँव, तथा औंधी में जनसम्पर्क करेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 4 बजे राजनांदगांव पहुंचकर होटल अमोरा (रेवाडीह) में जिला कृषि सामग्री विक्रेताओं के होली मिलन समारोह में भाग लेंगे, तत्पश्चात वे ग्रामीण क्षेत्र के सिंघोला, मुड़पार, सुरगी, मोखला व भर्रेगाँव में जनसम्पर्क कर सभाओं को संबोधित करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी राजनांदगांव शहर में जनसंपर्क किया

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव इसी महीने की 26 तारीख को है, अब चुनाव को मात्र 19 दिन रह गए हैं। दोनों पार्टियों और प्रत्याशी जोरदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव शहर के दौर में थे। आज भूपेश बघेल का गला भी बैठा हुआ था फिर भी पुराने कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे एवं वहीं चर्च में पास्टरों के द्वारा उनके विजयी के लिये प्रार्थना की गई। इस दौरान वे जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अंजुम के निवास में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं से भेंट की।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बताया कि आज राजनांदगांव शहर के दौर में हूं और विभिन्न सामाजिक संगठन शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पुराने कार्यकर्ता के घर में जाकर मैं मुलाकात कर रहा हूं और अब धीरे-धीरे कांग्रेस का माहौल शहर में भी अच्छा हो रहा है।

भाजपा ने महिलाओं का दिया धोखा : रुबीना अंजुम अल्वी

महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रुबीना अल्वी ने बताया कि कांग्रेस का माहौल गांव और शहर दोनों जगह अच्छा है। कल हमने महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलो देवी नेताम के साथ मिलकर महिलाओं के बीच गए और महिलाओं को 1 लाख रुपये देने वाली महालक्ष्मी योजना का प्रचार किया, जिसका व्यापक असर दिखा। रुबीना अल्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा जो 1000 रु. महिलाओं को दे रही है, वह कई महिलाओं को नहीं मिला है और कई महिलाओं के फॉर्म रद्द कर दिए गए।

पत्रकार राजेश मेश्राम हुए सम्मानित.....

जोंधरा (दावा)। अंचल की समस्याओं को अपनी लेखनी के माध्यम से शासन तक पहुँचाने एवं उन समस्याओं के समाधान का हिस्सा बनने के लिए जोंधरा निवासी पत्रकार राजेश मेश्राम को साहू समाज ने जोंधरा में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती मे श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया।

डॉ. अल्फिया अली गोल्ड मेडल से सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर की डॉ. अल्फिया अली ने कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल लखनऊ से एमबीबीएस फाइनल ईयर में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। शुरू से मेधावी डॉ. अल्फिया अली प्रारंभिक शिक्षा गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव एवं नीरज पब्लिक स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। डॉ. अल्फिया अली व्याख्याता श्रीमती सुरजीत अली तथा उपनिरीक्षक जाकिर अली की सुपुत्री है। डॉ. अल्फिया अली को गोल्ड मेडल से सम्मानित होने पर जिला साहू संघ राजनांदगांव उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू साहू, ऐश्वर्या साहू, मनीष साहू, पूर्वी साहू, तुषार साहू, धार्मिक साहू, फरजाना बेगम सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com